WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, बुधवार, 18 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- तृतीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 305 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ रही हैं। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी चुनावी रणनीति बनाने में सबसे आगे चल रही है। उसने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। अब तो समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। लालू प्रसाद यादव का राष्ट्रीय जनता दल और ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ ही शरद पवार और उद्धव ठाकरे भी आम आदमी पार्टी को समर्थन दे देते हैं तो हो सकता है झाड़ू और जोर से चले और नई दिल्ली

सत्ता पक्ष के विधायक ने अवैध प्लाटिंग पर मंत्रियों को घेरा

बिना निविदा पुलिया निर्माण, कार्रवाई की मांग, विपक्ष का वॉकआउट, लखमा ने कहा केवल कमीशन के लिए बनाए जा रहे पुल

हेमंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश । विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन आज ध्यानाकर्षण काल में भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने अवैध प्लाटिंग का मुद्दा उठाया। इस मामले में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, पहले कृषि भूमि की 5 डिसिमल से छोटी रजिस्ट्री होने पर नामांतरण नहीं होता था. पिछली सरकार ने इस नियम को हटा दिया. इससे अवैध प्लाटिंग बढ़ा है। अर्बन और प्लांड एरिया में अवैध प्लाटिंग रोकने जल्द नियम बनाएंगे।

विधायक अनुज शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा, पिछली बार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ करवाई का आश्वासन दिया गया था, क्या करवाई हुई बताएं. इस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि धरसीवां में 2021 से 23 के बीच अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी। राजस्व विभाग अकेले अवैध प्लाटिंग नहीं रोक सकता. टीएनसी, रजिस्ट्री, समेत कई विभाग की संयुक्त कमेटी बनाना पड़ेगा। अनुज शर्मा ने कहा, धरसीवां में सरकारी स्कूल, चारागाह, नहर, सरकारी जमीन, सब पर अवैध प्लाटिंग हुई. इस पर कोई करवाई नहीं हुई। जो बेचकर चले गए, उस पर क्या करवाई होगी।

स्वीकृति के बाद पीडब्ल्यूडी बना रहा

कवासी लखमा ने कहा कि बिना स्वीकृति, बिना ऑर्डर के रोड बनाया गया है. ये पुल ज्यादा रेट से बन रहे हैं, और एक नाले में तीन पुल क्यों बनाया जा रहा है. आचार संहिता के समय जल्दी-जल्दी

जिस ठेकेदार से काम कराया, जिसका विरोध गांववालों ने किया तो कार्य रुका, फिर से टेंडर उसी ठेकेदार को दिया गया है. क्या उस पर कार्यवाही करेंगे? लखमा ने पूछा कि क्या केवल कमीशन के लिए पुलिया बनाया जा रहा है? जनता का पैसा बर्बाद किया जा रहा है. सब इंजीनियर क्या सरकार से बड़ा है? क्या दोनों अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे। अरुण साव ने इस पर सवाल किया कि क्या सवाल दो पुल के निर्माण से संबंधित है। इस पर लखमा ने कहा कि नाले में तीन तीन पुल कैसे बन रहा हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मंत्री ने स्वीकार किया कि पुल बन गया टेंडर बाद में हुआ यह काफी गंभीर बात है. सीधा सवाल है कि इसमें गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे क्या? आपने दो लोगों को कार्य दिया है, तीसरे को कोई कार्य नहीं दिया गया है सारी ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

मूणत-चंद्राकर के निशाने पर मंत्री साव

विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरा दिन सत्ता पक्ष के विधायकों ने राजधानी रायपुर के प्रसिद्ध बूढ़ा तालाब के सौंदर्यीकरण पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को सदन में घेरा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से सवाल किया कि बूढ़ा तालाब के सौंदर्यीकरण में किस-किस मद से राशि खर्च हुई है। इसके जवाब में मंत्री अरुण साव ने बताया कि सभी कार्य स्मार्ट सिटी से हुआ है। इस पर अजय चंद्राकर ने कहा कि पर्यटन मंडल, नगर निगम और स्मार्ट की राशि खर्च हुई है। इस मामले की जांच कराई जाए. इस पर मंत्री ने परीक्षण कराने की बात कही।भाजपा विधायक राजेश मूणत ने भी मुद्दे पर मंत्री को घेरते हुए कहा कि तीन-तीन एजेंसियों ने काम किया है। 6 करोड़ का फाउंटेन लगाया, लेकिन बंद पड़ा हुआ है। सौंदर्यीकरण के कार्यों की जाँच होनी चाहिए।

सीएम ने बाबा गुरू घासीदास जयंती की दी बधाई



रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास जी की 18 दिसम्बर को जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साय ने कहा है कि बाबा गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को मनखे-मनखे एक समान का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। बाबा जी ने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी। उन्होंने लोगों को मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। साय ने कहा कि गुरू घासीदास जी का जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक और समस्त मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं।

नई उड़ान सेवा का किराया मात्र 999

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर अब रायपुर से अंबिकापुर फ्लाईट सेवा पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर यात्री विमान सेवा के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इस नई उड़ान सेवा का शुरुआती किराया मात्र 999 रूपए रखा गया है। छत्तीसगढ़ में केन्द्र सरकार की रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर को एयर कनेक्टिविटी से जोडने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है. इन तीनों शहरों को जोडने के लिए नई उड़ान सेवा का संचालन 19 दिसंबर, 2024 से शुरू होने जा रहा है। रिजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत शुरू हो रही नई उड़ान सेवाओं का उद्देश्य हवाई यात्रा को न केवल किफायती बनाना है बल्कि क्षेत्र में यात्रियों के लिए पसंदीदा विकल्प भी बनाना है। इन उड़ानों के शुरू होने से व्यापारिक यात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय समुदायों को बहुत लाभ होगा, समय की बचत होगी और आर्थिक विकास के नए द्वार खुलेंगे। रायपुर,अंबिकापुर और बिलासपुर को जोडने वाली नई उड़ानें सप्ताह में तीन दिन गुरुवार,शुक्रवार और शनिवार को संचालित होंगी. यह नई सेवा न केवल यात्रा के समय को कम करेगी बल्कि इंटरसिटी यात्राओं को एक आरामदायक और सुविधाजनक बनाएगी, जिससे पर्यटन, व्यापार के अवसरों और क्षेत्रीय विकास को और बढ़ावा मिलेगा।

भूपेश के बयान पर स्वास्थ्य मंत्री का पलटवार

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन ध्यानाकर्षण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अस्पतालों का भुगतान लंबित होने से इलाज नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि आपकी सरकार के समय की देनदारी है, उसे हम दे रहे हैं। जल्दी ही सभी भुगतान को कर दिया जाएगा। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने ध्यानाकर्षण में आयुष्मान योजना में इलाज और अस्पतालों को भुगतान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भुगतान लंबित होने की वजह से मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि 838 करोड़ का भुगतान लंबित है। टीपीए के जरिए क्लेम का भुगतान किया जाता है. भ्रष्टाचार रोकने हमने 75 अस्पताल की जांच की, वहीं 11 अस्पतालों पर 151 लाख का फाइन किया. अस्पतालों को भुगतान किया जा रहा है। 300 करोड़ राशि का प्रावधान अभी किया गया है।

805 करोड़ के अनुपूरक बजट पर चर्चा

805 करोड़ रुपए के अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, अनुपूरक बजट में राजस्व के लिए, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लखपति दीदी के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। भारत सरकार से स्टेट के लिए हमने मांग की है। हमने 200 करोड़ रुपए ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

विस में गूंजा जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन है। प्रश्नकाल की शुरुआत जल जीवन मिशन में हुई भ्रष्टाचार के मुद्दे के साथ हुआ। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने इस मुद्दे को उठाया। धरमलाल कौशिक ने कहा कि भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई, लेकिन सिर्फ अनुबंध निरस्त हुआ है। फर्जी कूट रचित दस्तावेज के आधार पर अरबों का काम लिया गया। ऐसे में ब्लैकलिस्ट करना ही काफी नहीं है। धरमलाल कौशिक के सवालों पर घिरे मंत्री अरुण साव ने कहा कि जांच समिति जांच कर रही है। रिपोर्ट आएगी तो कठोर करवाई होगी। धरमलाल कौशिक ने समय सीमा बताने की मांग की।

कार्रवाई कर सूचना दें : रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा, यह गंभीर समस्या है. विधानसभा कॉलोनी पर भी अवैध कब्जा हुआ है. मंत्री जी एक माह के भीतर करवाई कर सूचित करेंगे. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, अवैध प्लाटिंग रोकने संयुक्त टीम बनाकर पूरा प्रयास करेंगे. विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, वित्त मंत्री मौजूद हैं. सिर्फ घोषणा कर दें कि अवैध प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं होगी. सारी समस्या खत्म हो जाएगी. इस पर मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, पहले नियम था. कृषि भूमि की 5 डिसिमल से छोटी रजिस्ट्री होने पर नामांतरण नहीं होता था. पिछली सरकार ने इसे हटा दिया. इससे अवैध प्लाटिंग बढ़ा। अर्बन और प्लांड एरिया में अवैध प्लाटिंग रोकने नियम जल्द बनाएंगे।

फूलसिंह राठिया ने उठाया रोजगार का मुद्दा

विधानसभा के प्रश्नकाल में विधायक फूलसिंह राठिया ने उद्योग मंत्री से बालको में कोरबा जिले के लोगों को रोजगार देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि किकतने लोगों को रोजगार मिला। इस पर मंत्री लखन लाल ने कहा कि 505 मूल निवासियों को रोजगार दिया गया। बालको में 1986 कर्मचारी काम पर हैं। इसमें 607 छत्तीसगढ़ के बाहर से हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि 49 प्रतिशत शेयर छत्तीसगढ़ सरकार का है, इसीलिए इसमें भी काम होना चाहिए। बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है। इस पर क्या नियम में संशोधन किया जा सकता है।

एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए संविधान संशोधन लोकसभा में पुनर्स्थापित

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा और सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले ऐतिहासिक संविधान (129वां) संशोधन विधेयक 2024 को मंगलवार को लोकसभा में पुनर्स्थापित करने के सरकार के प्रस्ताव को सदन ध्वनिमत से स्वीकार किया। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा पेश किये गये इस विधेयक पर विपक्ष ने गहरी आपत्ति जतायी। कांग्रेस समेत विभिन्न दलों के ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

चश्मा विदेशी हो, तो संविधान में नहीं दिखेगा भारत

नई दिल्ली(ए,) । राज्यसभा में मंगलवार को भारत के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा जारी है। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह चर्चा हमारे संविधान के कारण हमारा देश कितना आगे बढ़ा, इसका अहसास हमारी जनता को कराएगा। उन्होंने कहा, संविधान पर दोनों सदनों में जो चर्चा हुई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरक होगी। गृह मंत्री ने कहा, सरदार पटेल की वजह से देश मजबूत हुआ है।

सरदार पटेल के परिश्रम से मजबूती से खडा है देश

गृह मंत्री ने कहा, बहुत लंबी आजादी की लड़ाई के बाद हम आजाद हुए। जब हम आजाद हुए तब दुनियाभर के राजनीतिक पंडितों ने कहा था कि यह देश बिखर जाएगा। शायद बन ही नहीं पाएगा। कुछ लोगों ने कहा था कि यहां लोकतांत्रिक मूल्य प्रतिस्थापित हो ही नहीं पाएंगे। ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

एसीबी ने रिश्वतखोर बाबू को पकड़ा

पिथौरा /नवप्रदेश। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने आरोपित बाबू ने निलंबित कोटवार से बहाली करने के लिए 50 हजार रुपये और एक बकरा भी मांगा था। एसीबी ने शिकायत की जांच कार्रवाई करते हुए बाबू को मंगलवार को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ तहसील कार्यालय से गिरफ्तार किया है।

कोटवार का निलंबनः प्रार्थी राजू चौहान, ग्राम आरबी चीफ मेन, तहसील पिथौरा ने एंटी करप्शन ब्यूरो, रायपुर में शिकायत की थी कि वह ग्राम आरबी चीफ मेन में कोटवार के पद पर पदस्थ है। कुछ दिन पहले उनका निलंबन हुआ था। निलंबन से बहाली के लिए आवेदन प्रस्तुत करने पर कानूनगो शाखा के माईकल पीटर, सहायक ग्रेड-2 ने 50 हजार ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पानी रे पानी ....

बीजेपी-कांग्रेस नेता आमने-सामने कड़कड़ाती ठंड में गरमाई राजनीति

सिकासार बांध के पानी के मुद्दे पर बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही

गरियाबंद/नवप्रदेश। सिकासार बांध के पानी के मुद्दे पर शुरू हुए बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है, बीजेपी और कांग्रेस नेता अब आमने-सामने आ गए हैं। कड़कड़ाती ठंड के बीच राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा द्वारा बीते दिनों अमितेश शुक्ल पर किए गए टिप्पणी पर कांग्रेसी नेताओं ने आपत्ति जताया है। कांग्रेसियों ने कहा कि एक भी आम चुनाव नहीं जीत सकते मुरलीधर, संगठन की कृपा पात्र बन जनप्रतिनिधि का चोला चढ़ाये रखने बड़े नेताओं के खिलाफ बोलना इनकी मजबूरी है। सिकासार के मुद्दे पर मुरलीधर सिन्हा के बयान को कांग्रेसी नेताओं ने अमर्यादित बताया है।

कांग्रेसियों ने कहा कि सिकासार जलाशय के पानी को दूसरे जिले ले जाने की योजना का उन्हें अधूरा ज्ञान है। कहा कि मुरलीधर योजना की पूरी जानकारी ले ले। कांग्रेसी प्रेम सोनवानी, राजेश साहू, छगन यादव, सन्नी मेमन, अशोक जगत, मुकेश पांडे, योगेश बघेल, पुनाराम यादव ने संयुक्त रूप से प्रेस व्यक्ति जारी कर बताया कि मुरलीधर सिन्हा आज तक एक भी आम चुनाव नहीं जीत पाए हैं। विपक्ष के बड़े नेताओं को टारगेट कर अपने संगठन में हाइलाइट रहने की आदत है, इससे उन्हें फायदा भी मिलता है। मनोनीत पद लेकर जनप्रतिनिधि का चोला चढ़ाए रखते हैं। ऐसे में उनके द्वारा कई बार सीधे जनता से निर्वाचित होकर प्रदेश के सर्वोच्च पंचायत में जनप्रतिनिधि बनने वाले अमितेश शुक्ल के लिए मर्यादित टिप्पणी शोभा नहीं देता। राजिम के विकास में शुक्ल परिवार के किए कार्य को राजिम क्षेत्र की जनता कभी नहीं भुला सकती। गरियाबंद में बैठ कर इसका आंकलन लगाया नहीं जा सकता।

क्षेत्र के किसानों की भावना

चुनाव में हार जीत लगा रहता है, इसका यह मायने नहीं लगाना चाहिए कि जनता नकार दिया है। सिकासार के पानी का मुद्दा अमितेश शुक्ल के व्यक्तिगत नहीं है। क्षेत्र के किसानों की भावना है। जो समय आने पर वृहद आंदोलन के रूप में सड़को पर दिखेगा। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि मुरलीधर को अपने नेताओं को नसीहत देना चाहिए। महासमुंद के नेताओं की इच्छा पूर्ति के लिए राजिम क्षेत्र की किसानों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेसियों ने कहा कि हमारे कांग्रेस के प्रतिष्ठित नेता के लिए किए गए अमर्यादित टिप्पणी के लिए मुरलीधर सिन्हा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। कहा कि राजनीतिक बयान बाजी देना ठीक है, लेकिन एक मर्यादा में रहकर देना चाहिए। सहकारिता क्षेत्र के नेता बताने वाले मुरलीधर को पहले राजिम क्षेत्र के किसानों की मनोभावना जानना चाहिए।

सिंचाई के सरकारी रिकॉर्ड का अध्ययन करें

कांग्रेसियों ने योजना के बारे में बताया कि 1977 में निर्मित सिकासार बांध के पानी को महासमुंद के कोडार बांध से जोड़ा जाना है। इस योजना में ना केवल एक बांध को दूसरे बांध से जोडना है, बल्कि नहरों को भी जोड़ा जाना है। इससे सिकासार के मूल सिंचाई क्षमता में असर पड़ेगा।निर्धारित रूपांकित इलाके में सिंचाई पहले से कम हो पाएगी। कांग्रेसी नेताओं ने बताया कि बरसात के दिनों में जब भारी वर्षा होता है तभी यहां से उलट के माध्यम से अतिरिक्त पानी छोड़ दिया जाता है। सिंचाई की आवश्यकता रबी के फसल में ज्यादा रहती है, उस समय अतिरिक्त बहाव का सवाल ही नहीं उठता। मुरलीधर सिंचाई के सरकारी रिकॉर्ड का अध्ययन करें। रबी के फसल में प्रति वर्ष सिंचाई क्षमता घटते गया है।

अजीत डोभाल की वांग यी के साथ आज अहम बैठक, फिर शुरू होगी सीमा वार्ता

बीजिंग। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को होने वाली भारत-चीन विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता में भाग लेने के लिए मंगलवार को बीजिंग पहुंचे। इस वार्ता का उद्देश्य पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण करीब पांच साल से प्रभावित रहे द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करना है। डोभाल अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 23वें दौर की वार्ता करेंगे। इस दौरान पूर्वी लद्दाख से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर दोनों देशों के बीच 21 अक्टूबर को हुए समझौते के बाद द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

चीन ने इस महत्वपूर्ण वार्ता से पहले मंगलवार को कहा कि वह 24 अक्टूबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर रूस के कजान में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बैठक के दौरान बनी आम सहमति के आधार पर प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए तैयार है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक संवाददाता सम्मेलन में विशेष प्रतिनिधि वार्ता के बारे में पूछे जाने पर कहा कि चीन दोनों नेताओं (मोदी और जिनपिंग) के बीच बनी अहम आम सहमति को साकार करने, वार्ता और संचार के माध्यम से आपसी विश्वास एवं भरोसा बढ़ाने, अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने तथा द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ एवं सतत तरीके से आगे बढ़ाने के मकसद से भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा था, ''23 अक्टूबर को कजान में दोनों नेताओं की बैठक के दौरान बनी सहमति के अनुसार दोनों विशेष प्रतिनिधि सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन पर चर्चा करेंगे और सीमा से जुड़े मुद्दे का निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तलाशेंगे।'' मोदी और शी की इस बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष ने ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात की थी। इसके बाद चीन-भारत सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की बैठक हुई।

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ और उसके बाद उसी साल जून में गलवान घाटी में घातक झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। व्यापार को छोड़कर, दोनों देशों के बीच संबंध लगभग ठप हो गए।

यह गतिरोध एक समझौते के तहत देपसांग और डेमचोक से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद समाप्त हुआ था। सैनिकों की वापसी के समझौते को 21 अक्टूबर को अंतिम रूप दिया गया था। विशेष प्रतिनिधियों की यह बैठक पांच साल के अंतराल के बाद हो रही है। पिछली बैठक 2019 में दिल्ली में हुई थी।

भारत-चीन के बीच 3488 किमी लंबी सीमा से जुड़े विवाद को निपटाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों के इस तंत्र ने पिछले कुछ वर्षों में 22 बार बैठक की हैं। इस तंत्र का गठन 2003 में किया गया था। हालांकि, इससे सीमा विवाद को सुलझाने में सफलता नहीं मिली, लेकिन दोनों पक्षों के अधिकारी इसे दोनों देशों के बीच बार-बार होने वाले तनाव को दूर करने के लिहाज से एक बहुत ही आशाजनक,उपयोगी और सहज साधन मानते हैं।

न्यूज गैलरी

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा ने महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की

गया (वार्ता)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा ने भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि बोधगया के महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा अर्चना की, साथ ही पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर ध्यान लगाया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पहुंचे, जहां बिहार सके मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं संतोष कुमार सुमन ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद वे सड़क मार्ग से बोधगया पहुंचे। जहां बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों ने खादा वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। उनके साथ आए श्रीलंकाई शिष्टमंडल का भी पारंपरिक अंदाज में अभिनंदन किया गया।

श्रीलंका के राष्ट्रपति की इस यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल की तैनाती रही। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम और वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती खुद मौके पर मौजूद थे।महाबोधि मंदिर में पूजा एवं ध्यान साधना के बाद अनुरा कुमारा ने बोधगया के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की सराहना की। उन्होंने पवित्र बोधिवृक्ष के छांव में भी भगवान बुद्ध को नमन किया। इस दौरान श्रीलंका के शिष्टमंडल ने भी मंदिर की परंपराओं और शांति के संदेश को लेकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।इसके बाद राष्ट्रपति बोधगया स्थित श्रीलंकाई महाविहार पहुंचे, जहां उन्होंने जयश्री महाबोधि महाविहार मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए, साथ ही उन्होंने भगवान बुद्ध के दो परम शिष्य महामोगलान और सारीपुत के अस्थि कलश को भी नमन किया।

राष्ट्रपति की इस यात्रा से भारत-श्रीलंका के सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। बोधगया, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था, श्रीलंका के बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए हमेशा से आस्था का केंद्र रहा है।

भजनलाल सरकार ने एक वर्ष पूर्ण के अवसर पर किया संबोधित

केन्द्र सरकार राजस्थान के विकास में नहीं छोड़ेगी कोई कोर कसर : पीएम मोदी

जयपुर(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन की सरकार को सुशासन का प्रतीक बताते हुए भरोसा दिया है कि जब राजस्थान विकसित होगा तब भारत भी विकसित होगा और आने वाले वर्षों में और तेज गति से विकास होगा तथा केन्द्र सरका राजस्थान के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

श्री मोदी मंगलवार को यहां दादिया गांव में भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान की जनता को भाजपा सरकार को एक साल पूरे करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज इतनी बड़ी तादाद में लोग आर्शीवाद देने आये हैं यह मेरा सौभाग्य हैं। उन्होंने कहा कि बिते एक वर्ष में राजस्थान के विकास को नई गति एवं नई दिशा देने में भजनलाल सरकार एवं उनकी टीम ने बहुत परिश्रम किया हैं। यह पहला वर्ष एक प्रकार से आने वाले अनेक वर्षों की मजबूत नींव बना हैं इसलिए आज यह उत्सव सरकार के एक साल पूरा होने तक सीमित नहीं हैं, यह राजस्थान विकास का भी उत्सव है।

लोग कह रहे है कि भाजपा सुशासन की गारंटी

मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है और भाजपा जो भी संकल्प लेती हैं उस पर ईमादारी से प्रयास करती है तथा देश के लोग कह रहे है कि भाजपा सुशासन की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना जनसमर्थन मिल रहा है कि देश ने लोकसभा में भाजपा को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है जो पिछले साठ सालों में हिन्दुस्तान में ऐसा नहीं हुआ। भारत की जनता ने तीसरी बार केन्द्र में भाजपा सरकार बनाई हैं और मधयप्रदेश में लगातार दूसरी बार और हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी हैं और पहले से ज्यादा बहुमत दिया गया हैं।श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है और भाजपा जो भी संकल्प लेती हैं उस पर ईमादारी से प्रयास करती है तथा देश के लोग कह रहे है कि भाजपा सुशासन की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना जनसमर्थन मिल रहा है कि देश ने लोकसभा में भाजपा को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है जो पिछले साठ सालों में हिन्दुस्तान में ऐसा नहीं हुआ।

उन्होंने कहा ÷मैं कुछ दिन पहले ही यहां निवेश सम्मेलन में आया था जहां देश और दुनिया भर के बड़े-बड़े निवेशक यहां जुटे थे और आज 45 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है जो राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे। राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा और रोजगार के अनगिनत अवसर मिलेंगे। राजस्थान के पर्यटन, किसानों एवं नौजवानों को इससे बहुत फायदा होगा।÷

भारत की जनता ने तीसरी बार केन्द्र में भाजपा सरकार बनाई हैं और मधयप्रदेश में लगातार दूसरी बार और हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी हैं और पहले से ज्यादा बहुमत दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के उपचुनाव में भी भाजपा को लोगों ने जबरदस्त समर्थन दिया है जो यह दिखाता हैं कि भाजपा के काम और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर जनता-जनार्दन का कितना विश्वास हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान तो वह राज्य है जिसकी सेवा का भाजपा को लंबे समय से सौभाग्य मिलता रहा है।

2025 को कैथोलिक चर्च में जुबली वर्ष घोषित किया

पोप फ्रांसिस आएंगे भारत कूवाकाड ने किया खुलासा

कोच्चि (ए.)। पोप फ्रांसिस के भारत दौरे को लेकर भारतीय पादरी कार्डिनल जॉर्ज जैकब कूवाकाड ने बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पोप फ्रांसिस 2025 के बाद भारत आ सकते हैं। 2025 को कैथोलिक चर्च ने जुबली वर्ष के रूप में घोषित किया है। इस वर्ष रोम में कई समारोह होने हैं। इसके बाद पोप फ्रांसिस भारत आ सकते हैं।

मंगलवार को केरल पहुंचने पर कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कार्डिनल जॉर्ज जैकब कूवाकाड का स्वागत किया गया। उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। इस दौरान कूवाकाड ने कहा कि वह गर्व से अपने लिए सभी की प्रार्थनाओं, प्यार और आशीर्वाद को याद करते हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पोप फ्रांसिस भारत कब आएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है वह 2025 के बाद भारत आ सकते हैं। क्योंकि 2025 जुबली वर्ष है। इस दौरान रोम में बहुत सारे उत्सव होते हैं। इसलिए पोप 2025 में वहां रहेंगे। हां इसके बाद पोप की यात्रा से इन्कार नहीं किया जा सकता। हम इसके लिए आशा और प्रार्थना कर सकते हैं।

सात दिसंबर 51 वर्षीय कूवाकाड को पोप फ्रांसिस ने कार्डिनल के पद पर पदोन्नत किया था। प्रसिद्ध सेंट पीटर बेसिलिका में आयोजित इस समारोह में दुनिया भर के पादरी और गणमान्य लोगों ने भाग लिया था। जिसमें विभिन्न देशों के 21 नए कार्डिनल्स को शामिल किया गया था। कूवाकाड की नियुक्ति के बाद वेटिकन में भारतीय कार्डिनल्स की कुल संख्या छह हो गई है। इससे वेटिकन में भारत का प्रतिनिधित्व और मजबूत हो गया है। जॉर्ज कूवाकाड का जन्म 11 अगस्त 1973 को तिरुवनंतपुरम में हुआ था। उन्हें 24 जुलाई 2004 को पादरी नियुक्त किया गया था। उन्होंने प्रतिष्ठित पोंटिफिकल इकलेसियास्टिकल एकेडमी से कूटनीतिक सेवा का प्रशिक्षण लिया था। कूवाकड ने अल्जीरिया, दक्षिण कोरिया, ईरान, कोस्टा रिका और वेनेजुएला जैसे देशों में चर्च के कूटनीतिक कार्यों में अहम भूमिका निभाई है।

इजरायल की तरह चुन-चुनकर बदले ले रहा यूक्रेन, 10 दिन में मारे पुतिन के 2 टॉप करीबी

मॉस्को। बीते करीब तीन सालों से रूस के हमले झेल रहे यूक्रेन ने मॉस्को के भीतर घुसकर व्लादिमीर पुतिन के करीबी अफसर लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव को मार गिराया है। वह रूसी सेना के परमाणु, जैविक और केमिकल हथियारों के बेड़े की कमान संभाल रहे थे। उन्हें व्लादिमीर पुतिन का भरोसेमंद माना जाता रहा है। वह उस वक्त मारे गए, जब अपने अपार्टमेंट से निकलकर स्कूटर से ऑफिस जा रहे थे। इसी दौरान उनके स्कूटर में रखे बम में धमाका हुआ और वह मौके पर ही मारे गए। किरिलोव के एक सहायक की भी मौत हो गई है। रूसी न्यूज रिपोर्ट्स के अनुसार यह बम धमाका रिमोट के जरिए किया गया था। यूक्रेन ने इस हमले की खुलकर जिम्मेदारी ली है। इससे पहले 9 दिसंबर को रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी शहर डोनेत्स्क में एक कार बम धमाके में सेरगेई येवसुकोव की मौत हो गई थी। वह उस कुख्यात जेल ओलेनिवका के हेड रहे थे, जहां बड़ी संख्या में यूक्रेन के युद्ध बंदियों को रखा गया है। इस जेल में मिसाइल अटैक करके बड़ी संख्या में लोगों को मार दिया गया था। रूसी अथॉरिटीज का कहना था कि इस कार ब्लास्ट में एक संदिग्ध को अरेस्ट किया गया है, लेकिन अब तक कुछ ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। इस बीच यूक्रेन की ओर से रूस के एक अन्य टॉप सैन्य अधिकारी को मार गिराने से हलचल मच गई है। सवाल उठ रहा है कि क्या यूक्रेन की एजेंसियां भी इजरायल की तरह पावरफुल हो गई हैं और वे चुन-चुनकर बदला ले रही हैं।

अब उसने किरिलोव को मारा है। किरिलोव पर ब्रिटेन, कनाडा समेत कई देशों ने प्रतिबंध लगा रखे थे। उन्हें यूक्रेन पर हमले के लिए जिम्मेदार प्रमुख अफसरों में से एक माना जाता था। यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस एसबीयू ने उनके खिलाफ आरोप लगाया था कि वह ही केमिकल हथियारों से अटैक की योजना बना रहे हैं। अब यूक्रेनी एजेंसी का कहना है कि हमने रूसी अधिकारी का कत्ल किया है। यूक्रेन का कहना है कि किरिलोव एक युद्ध अपराधी थे और उन्हें मारा जाना पूरी तरह से वाजिब कदम है। यही नहीं यूक्रेन की एजेंसी ने कहा कि कुल 4800 बार केमिकल हथियारों का इस्तेमाल जंग में रूस की ओर से बीते ढाई सालों में किया जा चुका है। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। तब से दोनों देशों के बीच रुक-रुककर जंग जारी है। इसी जंग के बीच मई में अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया था कि उसने पता लगा लिया है कि रूस ने क्लोरोपिकरिन गैस का इस्तेमाल यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ किया है। इस गैस का इस्तेमाल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भी किया गया था। हालांकि रूस ऐसे किसी भी हथियार के इस्तेमाल से इनकार करता रहा है। बता दें कि किरिलोव को व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु हथियारों की जिम्मेदारी 2017 में सौंपी थी। वह पुतिन सरकार के हाई-प्रोफाइल सैन्य अधिकारियों में से एक रहे हैं।

ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर बच्ची की मौत

दरभंगा। बिरौल थाना क्षेत्र स्थित इटवा शिवनगर गांव में खेत की जुताई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर एक आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि 13 वर्षीय दूसरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची का इलाज दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, घटना मंगलवार को हुई जब चालक राधेश्याम ठाकुर खेत की जुताई कर रहा था। ट्रैक्टर पर दर्शन मुखिया की बेटी प्रीति कुमारी (8) और कमलेश मुखिया की बेटी अनुसुईया कुमारी (13) को बैठाया गया था।

मुझे जो पहनना है पहनूंगी,अब क्या कोई दूसरा बताएगा फिलिस्तिन वाले बैग पर प्रियंका का जवाब

नई दिल्ली। Palestine लिखा बैग को लेकर जारी विवाद के बीच अब वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि मेरा जो भी मन है, मैं पहनूंगी। हाल ही में पाकिस्तान सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने इस बैग को लेकर कांग्रेस सांसद की तारीफकी है। इधर, भारतीय जनता पार्टी पहले ही इस बैग को लेकर सांसद पर निशाना साध चुकी है। प्रियंका गांधी ने कहा, 'अब कौन तय करेगा कि मैं कौन से कपड़े पहनूंगी? इसका फैसला कौन करेगा? यह पितृसत्ता है कि आप तय करोगे कि महिला को क्या पहनना है। मैं इसमें नहीं मानती। मेरा जो भी मन करेगा, मैं पहनूंगी।' उन्होंने कहा, 'मैंने पहले भी कई बार कहा है कि इस संबंध में मेरे विचार क्या हैं। अगर आप मेरे ट्विटर हैंडल देखेंगे तो मेरी सारी टिप्पणियां वहां हैं।' कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'इस दुनिया में बहुत कम लोग विश्वास के साहस से आगे बढ़ते हैं। मैं खुश हूं कि प्रियंका गांधी वाड्रा अपने शब्दों पर अडिग हैं कि किसी भी हालात में कोई बात गाजा में बच्चों की निर्मम हत्या को सही नहीं ठहरा सकती। और हां, कोई और तय नहीं करेगा कि वह क्या पहनेंगी।'

बैग विवाद

वाड्रा फिलिस्तीन के लोगों के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए सोमवार को एक ऐसा हैंडबैग लेकर संसद पहुंचीं जिस पर 'Palestine' लिखा हुआ था। वह कई मौकों पर गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाती और फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करती रही हैं। उनके बैग पर कई प्रतीक भी बने हुए थे। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा था, 'जहां तक गांधी परिवार के सदस्यों की बात है, यह कुछ नया नहीं है। नेहरू से लेकर प्रियंका वाड्रा तक गांधी परिवार के सदस्य तुष्टिकरण का बैग लेकर घूमते हैं...। उन्होंने कभी भी अपने कंधों पर देशभक्ति का बैग नहीं टांगा। यह बैगेज ही उनकी हार के पीछे की वजह है।'

श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरा

श्रीनगर (वार्ता)। कश्मीर घाटी में बर्फीली ठंड का कहर जारी है और राजधानी श्रीनगर का न्यूनतम तापमान मंगलवार को शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि देर रात श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 10 दिसंबर को दर्ज किए गए इस मौसम के सबसे ठंडे तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस से केवल एक डिग्री कम था, जो सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम यानी शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। कश्मीर घाटी के अलग- अलग स्थानों पर शीत लहर जारी रहने के आसार हैं। यहां 21 दिसंबर तक मौसम आम तौर पर शुष्क रहने के आसार हैं और एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) आने का अनुमान है।

कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में 21-22 दिसम्बर की रात को हल्की बर्फबारी होने के आसार हैं। पर्यटन स्थल पहलगाम सबसे ठंडा स्थान रहा और रात के तापमान में और गिरावट देखी गई, मंगलवार को शून्य से नीचे 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है।

कश्मीर के प्रवेश द्वार शहर काजीगुंड में भी न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई और सोमवार को शून्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस कम है।

दक्षिण कश्मीर में कोकेरनाग का तापमान और नीचे खिसक गया तथा पिछली रात के शून्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस कम के मुकाबले शून्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग का तापमान मंगलवार को लगातार दूसरे दिन 4.0 डिग्री सेल्सियस पर रहा, जो सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

राजनीति... **महायुति गठबंधन की जीत में बड़ी अहम भूमिका निभाई**

ठाकरे का महायुति पर हमला, लाड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं को दें 2100

मुंबई। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने एक बार फिर केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोला। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को दावा किया लोकसभा में एक साथ चुनाव कराने के लिए विधेयक पेश करना का केंद्र का कदम देश के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। साथ ही चुनावी वादे को पूरा नहीं किए जाने पर भी हमला बोला।

पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य सरकार से 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक लागू करने से पहले पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की। साथ ही कहा कि चुनाव आयुक्तों का चयन भी चुनावों के माध्यम से होना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इसे कैसे किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि पिछले महीने विधानसभा चुनाव के दौरान किए वादे के अनुसार देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को लड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देना चाहिए। बता दें, फिलहाल महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने दिए जाते हैं। इस पूरी योजना को भाजपा-शिवसेना और एनसीपी यानी महायुति गठबंधन की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी।

लड़की बहिन योजना पर तंज

भारतीय सैनिकों की बहादुरी का प्रतीक थी पेंटिंग

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने पूछा कि पेंटिंग को क्यों हटाया गया क्योंकि यह भारतीय सैनिकों की बहादुरी का प्रतीक था। ठाकरे ने मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने को लेकर कुछ महायुति नेताओं द्वारा जताई गई निराशा को लेकर भी सरकार पर निशाना साध। ठाकरे ने दावा किया, 'जिन्हें मंत्री पद नहीं मिला, उनकी नाखुशी उन लोगों की खुशी से ज्यादा गूंजती है जो मंत्री बने।'

एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने के बारे में ठाकरे ने कहा कि उन्हें यह सुनकर दुख होता है क्योंकि उनके जैसे कई लोग सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदल चुके हैं। विशेष रूप से, भुजबल ने जुलाई 2023 में सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना गठबंधन के साथ हाथ मिलाने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट का समर्थन किया था। ठाकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री सदन में अपनी मंत्रिपरिषद का परिचय कराते हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि लेकिन पहली बार मुख्यमंत्री को उन लोगों को अपने मंत्रियों के तौर पर पेश करना होगा, जिनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार और छापेमारी के आरोप लगे हैं। शिवसेना प्रमुख ने मंत्रिमंडल विस्तार के बावजूद विभागों का आवंटन नहीं करने के लिए भी महायुति सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने फडणवीस नीत सरकार को ईवीएम में अनियमितताओं के विपक्ष के आरोपों का जिक्र करते हुए ईवीएम को 'मशीन के बदले हर वोट' वाली सरकार करार दिया।

एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर हमला

ठाकरे ने कहा, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव देश के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है।' उन्होंने 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाली प्रतिष्ठित पेंटिंग को साउथ ब्लॉक में सेना प्रमुख के एनेक्सी से नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में स्थानांतरित करने को लेकर भी केंद्र की आलोचना की।

पैरोल पर छोड़े गए कैदी नहीं लौटे जेल, लापता हैं 70 बंदी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सेंट्रल जेल से सात ऐसे बंदी हैं, जो पैरोल पर छूटने के बाद वापस नहीं लौटे। एक बंदी दिसंबर 2002 से गायब हैं। इनमें अधिकतर बंदी हत्या के प्रकरण में जेल में बंद थे। जेल और पुलिस प्रशासन ने इन बंदियों की कई बार तलाश की, लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चला। प्रदेशभर में ऐसे बंदियों की संख्या करीब 70 है। अब जेल प्रशासन इन बंदियों की वापसी की राह ताक रहा है। सूचना के अधिकार के तहत रायपुर जेल के वारंट अधिकारी ने सात बंदियों के पेरोल पर छोड़े जाने के बाद से नहीं लौटने की जानकारी दी है। इसके अनुसार हत्या के केस में बंद शिवकुमार उर्फ मुन्ना पांच दिसंबर 2002, गणेश देवांगन 23 जुलाई 2008, संजीत उर्फसुजीत आठ सितंबर 2010, कृष्ण कुमार 31 अगस्त 2013, राजीव कुमार दो अप्रैल 2020, रूपेंद्र साहू 21 नवंबर 2022 और नरेंद्र श्रीवास 18 जनवरी 2024 से पेरोल पर जेल से छोड़े गए थे।

हाई कोर्ट ने दिखाई सख्ती

जेल मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले महीने हाई कोर्ट में पैरोल पर गए कैदियों की वापसी न होने

के मामले में मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डबल बेंच ने इस मुद्दे पर सख्ती दिखाई थी। मुख्य न्यायाधीश ने डीजीपी जेल से ताजा रिपोर्ट शपथ पत्र के जरिए पेश करने को कहा था। इसके बाद डीजी जेल की ओर से हाई कोर्ट को जानकारी दी गई कि प्रदेश के पांच सेंट्रल जेलों ने 83 कैदी पैरोल से नहीं लौटे थे, जिनमें 10 को गिरफ्तार कर लिया गया और तीन की मृत्यु हो गई थी। अभी भी प्रदेश भर के जेलों से करीब 70 बंदी पैरोल से छूटने के बाद वापस नहीं लौटे हैं। सजायाफ्ता बंदियों के वापस जेल नहीं पहुंचने पर जेल प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। बिलासपुर के जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर बंदियों को एक निर्धारित अवधि के बाद पैरोल के बाद वापस जेल लौटना होता है। अधिकांश बंदी लौट भी आते हैं।

बिलासपुर जेल में भी 22 बंदी नहीं लौटे

केंद्रीय जेल बिलासपुर से पैरोल पर गए 22 बंदी लौटे ही नहीं। उनके स्वजन को बार-बार सूचना देने के बाद भी जब बंदी नहीं लौटे, तो जेल प्रबंधन ने संबंधित थानों को फरार बंदियों की जानकारी दी है। प्रबंधन की मानें, तो थानों में उनके फरार होने की एफआईआर दर्ज कराई गई है।

संत बाबा गुरू घासीदास जयंती पर राज्यपाल डेका ने दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने संत बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल डेका ने कहा कि महान संत बाबा गुरू घासीदास ने सामाजिक, आर्थिक, शोषण तथा जातिवाद, सामंतियों के अन्याय और अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठायी। उन्होंने मानव-मानव एक समान है का संदेश देकर सद्मार्ग में चलने का रास्ता दिखाया। श्री डेका ने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा गुरू घासीदास शांति, समरसता और सद्भावना के प्रतीक हैं। समाज में व्यास भेदभाव एवं असमानता को दूर कर समता मूलक समाज स्थापित करने के लिए नई दिशा प्रदान करने में उनका अतुलनीय योगदान है। उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

आज मंत्री देवांगन गुरुघासीदास जयंती समारोह में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 18 दिसम्बर को जिला मुख्यालय

कोरबा में आयोजित गुरूघासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका दौरा कार्यक्रम इस प्रकार है। प्रातः 11.05 बजे पुलिस लाईन हेलीपेड रायपुर से मुख्यमंत्री के साथ कोरबा के लिए प्रस्थान कर 11.45 बजे इंदिरा स्टेडियम ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचेंगे। जहां वे 11.50 से 12.55 बजे तक सतनाम भवन में आयोजित बाबा गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन अपरान्ह 3 बजे कोरबा के बालकों में सतनाम कल्याण समिति द्वारा बस स्टैण्ड रामलीला ग्राउंड सतनाम भवन बालकों में आयोजित गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल होंगे।

सुविचार

कठिन समय में मन के भीतर से यह आवाज आती है कि सब कुछ ठीक होगा, यही आवाज ईश्वर की होती है। - अज्ञात

ईवीएम पर आईएनडीआईए में दरार

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को मिली करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस के अलावा शरद पवार और उद्धव ठाकरे लगातार ईवीएम पर निशाना साध रहे हैं। वे अपनी हार को पचा नहीं पा रहे हैं। और ईवीएम के सहारे पूरी चुनाव प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। किन्तु ईवीएम को लेकर अब आईएनडीआईए में ही दरार पड़ने लगी है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेन्स के अध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने ईवीएम पर सवाल उठाने के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यदि वास्तव में ईवीएम में कोई खराबी है तो कांग्रेस को चाहिए कि वह सबूतों के साथ चुनाव आयोग से शिकायत करें। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर में इसी ईवीएम से चुनाव हुए है और वहां नेशनल कांफ्रेन्स और कांग्रेस के गठबंधन को जीत मिली है। इसी तरह बंगाल में भी लगातार तीन बार तृणमूल कांग्रेस चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कर अपनी सरकार बनाती रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सीटें बढ़ी हैं और वह लोकसभा कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बाद तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। इसीलिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी ईवीएम को लेकर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के विधवा विलाप पर तंज कसा है। जाहिर है ईवीएम के सिर पर अपनी हार का ठिकरा फोड़ने वाले दलों पर अब आईएनडीआईए में शामिल अन्य पार्टियां ही आपत्ति उठा रही है। इसके बाद भी शरद पवार और उद्धव ठाकरे के अलावा महाराष्ट्र के कांग्रेसी नेता ईवीएम को लेकर लगातार बेसुरा राग अलाप रहे है। दरअसल महाराष्ट्र में इन तीनों की ही शर्मनाम पराजय हुई है। बजाय अपनी हार की समीक्षा करने के ये लोग ईवीएम पर ही उंगली उठाकर अपनी कमजोरी पर पर्दा डालने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला और अभिषेक बनर्जी ने ठीक ही कहा है कि यदि इनके पास ईवीएम के साथ छेड़छाड़ करने के सबूत हैं तो ये चुनाव आयोग में शिकायत करें किन्तु इनके पास सबूत कुछ भी नहीं है इसलिए ये गाल बजा रहें हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने पूर्व में ही ईवीएम पर सवालिया निशान लगाने वालो को चुनौती दी थी कि वे चुनाव आयोग में आकर ईवीएम को हैक करके दिखाये। उसकी चुनौती को किसी भी राजनीतिक पार्टी ने स्वीकार नहीं किया था। बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था और सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम को क्लीन चीट दे दी थी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम को लेकर एक और जनहित याचिका दायर की गई थी उसे भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था साथ ही यह तल्ख टिप्पणी भी की थी कि आप जहां चुनाव जीत जाते हैं वहां ईवीएम में आप को कोई खराबी नजर नहीं आती और जहां आप चुनाव में पराजित हो जाते हैं वहां आपको ईवीएम में गड़बड़ी नजर आती है इसलिए यह याचिका खारिज की जाती है। सुप्रीम कोर्ट से लगातार दो बार विपक्ष को झटका लग चुका है और सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि मतदान बैलेट पेपर से नहीं कराया जाएगा ईवीएम से ही मतदान होगा। इसके बाद भी ईवीएम पर संदेह जताना इन पार्टियों की मानसिकता को दर्शाता है जो अपनी हार को स्वीकारने की जगह ईवीएम और चुनाव आयोग के माथे पर दोषारोपण कर रही है। बेहतर होगा कि ईवीएम पर रोना धोना बंद कर ये अपनी पार्टी के पराजय के कारणों की गंभीरतापूर्व समीक्षा करे और बीती ताही बिसा कर आगे की सुध लें।

सवाल महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने का

हमारे देश में महिलाओं के प्रति हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। महिलाएं घर और बाहर दोनों जगह खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। ऐसे में महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का सवाल बार बार उठता रहा है। इसी लेकर वुमन लायरस ऐसोसिएशन की आरे से सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई जिसमें सुप्रीम कोर्ट से यह मांग की गई है कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर दिशा निर्देश जारी किये जाएं। याचिका में कहा गया है कि छोटे शहरों में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही है। और उनकी रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की जाती। कोलकाता स्थित आरजीकर मेडिकल कॉलेज अस्तपाल में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म कर उसकी जघन्य हत्या किये जाने की घटना के बाद भी यौन हिंसा की सौ से ज्यादा घटनाएं हो चुकी है। लेकिन उन्हें उजागर नहीं किया गया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट महिलाओं की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार को कड़े निर्देश दे। इस याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई जनवरी में तय की है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी पहल करने के साथ ही जागरूकता फैलाने की भी आवश्यकता है क्यांकि बसों और ट्रेनों में ही नहीं बल्कि ऐयर लाइन में भी महिलाओं के साथ अनुचित घटनाएं सामने आई है। इसके लिए भी कड़े कदम उठानी की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद अब उम्मीद की जानी चाहिए कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण सुलभ कराने के लिए कारगर कदम उठाएंगी। जहां तक महिलाओं के प्रति अपराधों का सवाल है तो इसके लिए पहले ही कड़े कानूनी प्रावधान हैं जरूरत इस बात की है कि उसे सख्तीपूर्वक लागू किया जाये।

प्रेरक प्रसंग

पंडित नेहरू का वजन

एक बाल सम्मेलन के अवसर पर पंडित नेहरू बालक-बालिकाओं के बीच प्रश्नोत्तर का आनंद ले रहे थे। तभी एक बालिका ने प्रश्न किया- "क्या आपने कभी अपना वजन भी लिया है ?" पंडित नेहरू ने तुरंत उत्तर दिया- "अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के कारण मैंने अनेक बार वजन लिया।" बालिका ने फिर प्रश्न किया- "अच्छा बताइए, आपका सबसे ज्यादा और सबसे कम वजन कब और कितना था ?" नेहरू ने बिना रुके कहा- "मेरा सबसे ज्यादा एक सौ बासठ पौंड उस समय था जब मैं अहमदनगर जेल में था और सबसे कम साढ़े सात पौंड वजन जब मैं पैदा हुआ तब था।" बालिका ने ताज्जुब से पूछा "जेल में तो वजन कम हो जाना चाहिए परंतु बढ़ कैसे गया ?" पंडित नेहरू ने उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा- "उस समय मेरा वजन इस खुशी में बढ़ गया कि मैं अपने देश की सेवा में जेल का कष्ट सहन कर रहा हूँ।"

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:02, सूर्यास्तः 17:45, चन्द्रोदयः 19:43, चन्द्रास्तः 08:56, अयन दक्षिणायन, ऋतुः हेमंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया,नक्षत्र : पुष्य, योग : इन्द्र, प्रथम करण : गर (10:56 तक), द्वितीय करण : वणिज(22:25 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मिथुन, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी),शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:02 से 12:45, राहुकाल 12:00 से 13:30, यमगण्ड : 09:42 से 11:03,दुर्मुहूर्त : 09:10 से 09:53, अमृत काल : 22:23 से 23:57,विजय मुहूर्त : 14:10 से 14:53, गोधूलि मुहूर्त : 17:42 से 18:09, सायाह्न सन्ध्या : 17:45 से 19:04, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:50, ब्रह्म मुहूर्त : 29:15 से 30:09, राहुवासः पश्चिम, होमाहुति : मंगल, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : आकाश (10:56 से पाताल),चन्द्रवास : पश्चिम (18:47 से उत्?तर), शिववास : सभा में (10:56 से क्रीड़ा में)।

सी.एल. लोन्हारे
उप संचालक

जिस हेतु 50 करोड़ 50 लाख रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। जो गत वर्ष की तुलना में 40.2 प्रतिशत अधिक है। अनुसूचित जाति वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास एवं आश्रम की संख्या 486 है, जिसमें 23228 विद्यार्थी अध्ययनरत है। इसी अन्य पिछड़ा वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की संख्या 55 है, जिसमें 1939 विद्यार्थी अध्ययनरत है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए नई दिल्ली में युथ हॉस्टल का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसकी सीटें 50 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है।

छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी संत गुरू घासीदास

संत शिरोमणि गुरु घासीदास आधुनिक भारत के नैतिक, सामाजिक, धार्मिक तथा आध्यात्मिक जागरण के एक महान शिल्पी थे। आज भी उनके द्वारा प्रवर्तित सतनाम के सिद्धांत छत्तीसगढ़ के लाखों सतनाम धर्म के अनुयायियों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनका जन्म 18 दिसम्बर 1756 को छत्तीसगढ़ के रायपुर वर्तमान बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के गिरौद नामक ग्राम में हुआ था। इनके माता-पिता का नाम महंगूदास और माता अमरौतीन था। गुरु घासीदास ने गिरौदपुरी के छाता पाहाड़ में तपस्या की थी, यही से उन्हें सत्य ज्ञान की प्राप्ति हुई।



संत शिरोमणि गुरू घासीदास जी ने समाज को नई दिशा प्रदान करने में अतुलनीय योगदान दिया था। सत्य से साक्षात्कार करना ही उनके जीवन का परम लक्ष्य था। उन्हें सतनाम धर्म का संस्थापक माना जाता है। उनके संदेशों के कारण ही आज छत्तीसगढ़ के लोगों में स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा एवं सहिष्णुता की भावना से ओत-प्रोत वातावरण दिखाई देता है। सतनाम के सिद्धांत किसी जाति या समुदाय विशेष के लिए नहीं है वह तो मानव मात्र के कल्याण के लिए निमित्त और सार्वभौमिक है।

संत शिरोमणि गुरू घासीदास जी ने लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। उनके सात वचन सतनाम धर्म के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं, जिसमें सतनाम पर विश्वास करना, मूर्ति पूजा का निषेध, वर्ण भेद से परे, हिंसा का विरोध, व्यसन से मुक्ति, पर स्त्रीगमन की वर्जना और दोपहर में खेत न जोतना हैं। उन्होंने सतनाम अर्थात् सत्य से लोगों को साक्षात्कार कराया और सत्य के प्रतीक के रूप में जैतखाम को मान्यता दी।

संत शिरोमणि गुरू घासीदास के द्वारा दिये गये उपदेशों ने समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। जाति व्यवस्था का विरोध किया। उनका मानना था कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक रूप से समान हैसियत रखता है इसीलिए उन्होंने ''मनखे-मनखे एक बरोबर'' (अर्थात् मानव मानव एक समान) का संदेश दिया।

संत शिरोमणि गुरु घासीदास के संदेशों और उनकी जीवनी का प्रसार पंथी गीतों व लोक नृत्यों के जरिए भी व्यापक रूप से हुआ। सतनाम धर्मानुयायी लोक कलाकार स्व. देवदास बंजारे ने इस प्रख्यात विधा को पंथी नृत्य और गायन के माध्यम से लगभग चौसठ देशों में अपनी प्रस्तुति देकर सतनाम धर्म का प्रचार-प्रचार किया। इसी लोक विधा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें 'गुरू घासीदास सम्मान' से सम्मानित भी किया है।

संत शिरोमणि गुरू घासीदास जयंती को उत्सव के रूप में समूचे राज्य में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस उपलक्ष्य में गांव-गांव में मड़ई-मेले का आयोजन होता है। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में गुरु घासीदास सम्मान स्थापित किया है।

संत गुरू घासीदास स्मृति को अमिट और अक्षुण्ण रखने के लिए रायपुर, छत्तीसगढ़ से करीब 145 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गिरौदपुरी में बाबा जी की जन्म स्थली, तपोस्थली एवं कर्मभूमि गिरौदपुरी, जहां विशाल स्तंभ जैतखाम का निर्माण किया गया है। जैतखाम की ऊंचाई 77 मीटर है, जबकि कुतुब मीनार 72.5 मीटर ऊंची है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल ग्रामों के विकास हेतु अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन मुख्यमंत्री जी के अध्यक्षता में पुनर्गठन किया गया है। जिस हेतु 50 करोड़ 50 लाख रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। जो गत वर्ष की तुलना में 40.2 प्रतिशत अधिक है।

अनुसूचित जाति वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास एवं आश्रम की संख्या 486 है, जिसमें 23228 विद्यार्थी अध्ययनरत है।

इसी अन्य पिछड़ा वर्ग के प्री. मैट्रिक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की संख्या 55 है, जिसमें 1939 विद्यार्थी अध्ययनरत है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं को यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए नई दिल्ली में युथ हॉस्टल का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसकी सीटें 50 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1787 में 18 दिसंबर के दिन ही अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी तीसरा राज्य बना था। 1833 में आज ही के दिन रूस का राष्ट्रीय गान 'गॉड सेव द जार' पहली बार गाया गया था। 1849 में 18 दिसंबर के दिन ही विलियम बांड ने टेलीस्कोप के जरिये चांद की पहली फोटोग्राफली थी। 1865 में आज ही के दिन अमेरिका में पहला मवेशी आयात कानून पारित हुआ था। 1914 में 18 दिसंबर के दिन ही ब्रिटेन ने औपचारिक रुप से मिस्र को अपना उपनिवेश घोषित किया था। 1916 में आज ही के दिन प्रथम विश्व युद्ध के दौरान वेरदून में हुए लड़ाई में फ्रांस ने जर्मनी को हराया था। 1945 में 18 दिसंबर के दिन ही दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना था। 1956 में आज ही के दिन जापान ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की थी। 1960 में 18 दिसंबर के दिन ही राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन हुआ था। 1969 में आज ही के दिन इंग्लैंड में मृत्युदंड की सज़ा खत्म कर दी गई थी। 1973 में 18 दिसंबर के दिन ही इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना हुई थी।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

न हर पुरूष राम है

न हर पुरूष राम है न हर स्त्री सीता स्त्रियों के विरूद्ध इतने कुवचन... जैसे मौका ही ढूँढा जा रहा था फ्रस्ट्रेशन निकालने का... बख्श दो भाई लोगों महिलाएँ भी आपकी तरह मनुष्य ही हैं देव नहीं पुनश्चः--कुल मिला कर आपराधिक प्रवृत्ति के मनुष्यों में आज भी पुरूषों की तुलना मे स्त्रियों का प्रतिशत नगण्य ही निकलेगा - **सरिता त्रिवेदी**

कोई हिंदू मनुस्मृति

कोई हिंदू मनुस्मृति से नहीं चलता। कोई क़ानून मनुस्मृति के मुताबिक़ नहीं है। जबकि मुसलमान अपने सिविल कोड (शरीयत) एक्ट, 1937 से चलता है चार शादी, विरासत से लेकर कम उम्र में निकाह तक। लेकिन राहुल गांधी को समस्या मनुस्मृति से है। इसलिए मैं कहता हूँ: "कांग्रेस नई मुस्लिम लीग है।"

- सचिन चतुर्वेदी

ख़ास पाती | सूरज की किरणों से चलकर

सूरज की किरणों से चलकर खिड़की में उतरकर शामिल हो जाती है आंगन में दरी बिछाकर शाल ओढ़े मटर छीलने बैठी हुई स्त्री के सामने चुगली करने और वह भी सब राज खोल देती है मन के सखी बन बदले मे वह भी प्यार से मां बन सहलाती है उसके मन के कोनो में लगी नाजुक सी चोटों को और मरहम लगाकर उतर जाती है किसी और खिड़की में लेकिन कुछ मन तरसते है उस कपकपाते सर्द मौसम को उस गुनगुनी धूप के लिए। - **सीमा नागर तुली**

सभी तारे सूरज है सूरज भी एक तारा

सभी तारे सूरज है सूरज भी एक तारा है तारे टूटते है दूर क्षितिज पर टूटता तारा हमारा नहीं होता हमारा तारा सूरज है और सूरज टूटने के परिणाम हर पृथ्वी जानती है। जो हमारा है हम बस उसी से बंधे है। तो साधारण सत्य ये है की किसी का तारा टूटे तो बस यहीं इच्छा मांगे जाती है कि मेरा सूरज कभी ना टूटे। क्या कभी किसी दूर क्षितिज पर टूटते तारे को देख कर ये विचार आया कि एक ओर सौर मंडल बिखर गया। - **कुलदीप वर्मा**

अनंत अधिकार सपने सीमित थे,पर

अनंत अधिकार सपने सीमित थे,पर मन के आकाश में उड़ानें अनंत इसीलिए थामी मैंने वक्त की डोर और मांगा प्रभु से बस एक वरदान तुमसे स्नेह करने का स्वतंत्र अधिकार न सीमाओं का बंधन न इच्छाओं का भार केवल स्नेह की धारा जो बहती रहे निरंतर जग से परे और स्वयं से भी बस तुम्हारे लिए अनंत प्रेम का अधिकार।

- रेनू शब्दमुखर

हे राम.. कैसे जीते हैं लोग तुम्हे

हे राम.. कैसे जीते हैं लोग तुम्हे क्या पता तुने आज के कलयुग को जाना नहीं हजार सिर हुए रावण के अब तो तूने आज के रावणों को पहचाना नहीं... तू आ भी गया तो साक्ष्य कहाँ से लाएगा सीता को कैसे बचाएगा तारीख पर पड़ेंगे तारीख और तू थक जाएगा वकील गवाह से न बच पाएगा... रावण बेल पर छूटेगा बारम्बार आएगा और जगत जननी को जिन्दा जलाएगा... तूने जो उठाया धनुष चढ़ाया जो डोर चलाएं जो तीर तूने रोका टोका तो तू जेल जायेगा...हे राम रामायण के पन्नों में रह बंद बाहर जो आया तो फिर लौट के जा न पायेगा...कैसे जीते हैं लोग तुम्हे क्या पता तुने आज के कलयुग को जाना नहीं हजार सिर हुए रावण हैं अब तो तूने आज के रावणों को पहचाना नहीं... - **राकेश मिश्रा**

कच्ची कली गुड़ की डली कचनार

कच्ची कली गुड़ की डली कचनार तो मत कह। अब नार है हुश्यार,तू लाचार तो मत कह। दिल हारना है जीत,इसे हार तो मत कह। दीवाने हैं दीवाने,तलबगार तो मत कह। माना कि है तुझपे मेरी कुर्बान मेरी जान । पागल मुझे इसके लिए सौ बार तो मत कह । खुश उनको रखो जिनकी बदौलत हो जहां में। माँ बाप हैं भगवान ,उन्हें भार तो मत कह। उस्ताद से लिखवाते हैं, पढ़ते हैं ग़ज़ल जो। दुश्मन हैं अदब के वो,सुखनकार तो मत कह। तक़दीर में लिख्खा है जो मिलना है 'इनायत'। आयेंगे ही सुख दुःख इन्हें इनकार तो मत कह। **शोभा किरण**

पास अपने क्या बचा है ग़म का

पास अपने क्या बचा है ग़म का कुछ सामान है मुस्कुराकर दर्द कहना कब भला आसान है आपको देकर बहुत ए ज़िन्दगी पछताए हम क्या करें लेकिन ये पागल दिल भी तो नादान है - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

QUIZ TIME

1) किस उभारदार मूर्तिशिल्प शिलालेख में अशोक के प्रस्तर रूपचित्र के साथ राण्यो अशोक (राजा अशोक) उल्लिखित है?

2) संविधान का कौन सा भाग है जो संविधान के निर्माताओं के मस्तिष्क और उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करता है?

3) भूमध्य रेखा, कर्क रेखा और मकर रेखा तीनों किस एक महाद्वीप से गुजरती है?

4) भारत में विदेशी विनिमय संचय का रख-रखाव किसके द्वारा किया जाता है?

5) हाल ही में समाचारों में उल्लिखित क्रिस्टल मेज 2 बैलिस्टिक मिसाइल क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कंगनहल्ली (2) राज्य के नीति निदेशक तत्व (3) अफ्रीका महाद्वीप (4) भारतीय रिजर्व बैंक (5) बैलिस्टिक मिसाइल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए समस्याओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप इधर-उधर के कामों पर ज्यादा ध्यान लगाएंगे, जिससे आपके कामों के लटकने की संभावना है।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। दीर्घकालीन योजना को गति मिलेगी।

सिंह : आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपकी कोई सहयोगी आपके कामों में आपका पूरा साथ देगी।

कन्या : आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे।

तुला : आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आपको अपने पिताजी की कोई बात लग बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

धनु : आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है।

मकरः आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्याओं उभर सकती हैं।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर लेकर आने वाला है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 268 का हल

न्यूज गैलरी

आज मांस विक्रय मार्केट बंद

दुर्ग। 18 दिसंबर 2024 को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह व मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, जुर्माना वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

नल कनेक्शन काटने की तैयारी

कुम्हारी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपना संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, यूजर चार्ज और जलकर जैसे सभी बकाया करों का भुगतान शीघ्र ही कार्यालय में जमा कर रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। यदि कोई व्यक्ति निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया कर जमा नहीं करता है, तो नगर पालिका परिषद उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगी साथ ही अधिभार भी वसूल करेगी। नपा अधिकारी ने सभी नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है और समय रहते बकाया कर जमा करने का कहा।

जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

कुम्हारी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुगदा कुम्हारी में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ की लोक गायिका चंपा निषाद का रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त 19 दिसंबर को ग्रामवासियों के सहयोग से शोभा यात्रा का आयोजन भी किया गया है। इसकी जानकारी रोहित कुर्रे, खुमान सिंह मारकंडे, राजू मारकंडे, रूपेश कुर्रे, मुकेश चेलक, एवं तेजा डहरिया द्वारा दी गई।

पालिका के 24 वार्डों में होगा चुनाव

कुम्हारी। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछडा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956/ नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधाननुसार नगर पालिका परिषद कुम्हारी के 24 वार्डों में वार्ड आरक्षण की कार्यवाही विहित प्राधिकारी कलेक्टर द्वारा की जावेगी।

कल से 17 वार्डों में लगेगा शिविर

दुर्ग। निगम क्षेत्र में शिविर लगाकर छुटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर दो दिवसीय घर घर आयुषमान कार्ड शिविर का आयोजन होना। 19 से 20 दिसंबर तक 17 वार्डों में अलग-अलग स्थलों में शिविर लगेगा। जानकारी के मुताबिक संतराबाड़ी वार्ड 26 बुनकर संघ, सिकोलाबस्ती वार्ड 16 आंगनबाड़ी केंद्र, कसारीडीह पूर्व वार्ड 43 दीपक टेंड हाउस, केलाबाड़ी वार्ड 41 नवीन पूर्व माध्यमिक शाला, शहीद भगतसिंह दक्षिण वार्ड 19 दुर्गा मंच कैलाश नगर, तकियापारा वार्ड-8 शराय भवन, चंडी मंदिर वार्ड 33 जैन धर्मशाला में लगेगा।

शहरी व विकासखंडवार 19 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह

निर्धारित मापदंड के अनुरूप कार्यवाही करें अधिकारी : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में विभागवार अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अवगत कराया कि सुशासन सप्ताह के दौरान शासन द्वारा निर्धारित 8 मापदण्ड के अनुरूप भारत सरकार और राज्य सरकार की पोर्टल पर प्रस्तावित गतिविधियों के संचालन/क्रियान्वयन की जानकारी अपलोड किया जाना है। भारत सरकार की सीपी ग्राम पोर्टल में निराकृत प्रकरण और पीजी पोर्टल में लंबित प्रकरणों को निराकरण कर अपलोड करना है। इसी प्रकार राज्य सरकार की पोर्टल में जनदर्शन, जनशिकायत और मुख्यमंत्री अन्य पत्र के सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी अपलोड किया जाना है। इसके अलावा विगत 1 वर्ष की विभागीय उपलब्धियां और हितग्राही मूलक योजनाओं की सफलता की कहानियां भी अपलोड किया जाना है। कलेक्टर ने सुशासन सप्ताह के दौरान सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवगत कराया कि सुशासन सप्ताह के दौरान 21 दिसंबर 2024 को विकासखण्ड स्तर पर किसान सम्मेलन का आयोजन होना है। उन्होंने कहा संबंधित जनपद सीईओ, एसडीएम, कृषि एवं सहकारिता विभाग के समन्वय से सम्मेलन आयोजित किया जाए। 23 दिसंबर 2024 को प्रत्येक विधानसभा मुख्यालय पर महतारी वंदन संबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद सीईओ एवं एसडीएम के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार 25 दिसंबर 2024 को जिले के प्रत्येक अटल चौक पर सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित है। सभी अटल चौकों की मरम्मत व रंग रोगन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाए। इस दौरान विभागों में आयोजित होने वाले प्रस्तावित गतिविधियों से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया तथा सरकार के 1 साल होने पर स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए प्रचार सामग्री में ''सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल'' लोगो के रूप में प्रयोग करने के निर्देश दिए। पंचायत/नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पंचायत चुनाव आरक्षण और नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण संबंधी टेबल टॉक तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमओ से धान उठाव हेतु मिलर पंजीयन और अब तक कटे टीओ की जानकारी ली। संबंधित एसडीएम को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

नृत्य प्रतियोगिता उद्घाटित

भिलाई। इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन महाप्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) विजय कुमार के मुख्य आतिथ्य में महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया। विषिष्ट अतिथि उपमहाप्रबंधक क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ सहीराम जाखड़ सहित सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक व डेनिस क्रिष्टी भी उपस्थित थे। आयोजित इस 4 दिवसीय प्रतियोगिता में कर्नाटक (सुगम, शास्त्रीय गायन), हिन्दुस्तानी (सुगम, शास्त्रीय गायन), लोक गायन, एकल नृत्य (भरतनाट्यम, कुचिपूड़ी, कथक, ओड़िसी), हिन्दुस्तानी वाद्य (तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य) तथा खुली वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। दोनों आयु समूह (6 से 12 एवं 13 से 18 वर्ष) में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दी। प्रतियोगिता में पीटी उल्लास कुमार, स्मिता नायर तथा आर राजेश ने निर्णायक है।

एएसपी की पूछताछ में नहीं दे पाए सही जवाब, सभी को थाने ले गई पुलिस

फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले 9 संदिग्ध गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बोरिया मार्केट, पावर हाउस मार्केट, सेक्टर 6 एफ मार्केट, संडे मार्केट, फरीद नगर और नेहरू नगर मार्केट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के पहचान पत्र चेक किए। इस दौरान 9 दुकानदार सही जवाब नहीं दे पाए। इसलिए उन्हें थाने भेज दिया गया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई

एएसपी सिटी ऋचा मिश्रा ने बताया कि उन्होंने लगातार दो दिनों तक अपनी टीम के साथ बोरिया मार्केट, पावर हाउस मार्केट, सेक्टर 6 एफ मार्केट, संडे मार्केट, फरीद नगर और नेहरू नगर क्षेत्र का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई की। उन्हें सड़क पर दुकान ना लगाने की समझाइश दी गई। इस दौरान उन्होंने दुकान संचालकों से उनका परिचय पत्र मांगा और उनसे पूछताछ भी की। पूछताछ करने पर 9 संदिग्ध व्यक्ति ऐसे मिले, जो ना तो अपना परिचय पत्र दिखा पाए और ना ही पुलिस के सवालों का सही से जवाब दे पाए। इस पर उन्होंने सभी को भेजा और वहां उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है।

600 से अधिक के खिलाफ हुई वैधानिक कार्रवाई

एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस पिछले दो तीन दोनों से लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्र में मुसाफिरों की जांच कर रही है। इस दौरान पुलिस ने बिना सूचना के रह रहे 522 नागरिकों की पहचान की है। वहीं लगभग 600 अधिक ऐसे बाहरी नागरिकों की पहचान की गई है, जो बिना सूचना दिए किराए का मकान लेकर रहते हैं। इन सभी के खिलाफ धारा 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही साथ इन बाहरी नागरिकों को प्रश्रय देने वाले मकान मालिकों और मजदूर ठेकेदारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर बाउंड ओवर कराया गया है।

सहकारी समिति गोदाम से 80 बोरा धान पार

दुर्ग/ नवप्रदेश। जिले की धमधा थाना अंतर्गत हिरेतरा सहकारी समिति के गोदाम से 80 बोरा धान चोरी हो गया और जिम्मेदारों को पता ही नहीं चला। चौकीदार समिति को लावारिश छोड़कर चला गया था और किसी ने वहां से धान चोरी कर लिया। सहायक प्रबंधक ने धमधा थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि घोठा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक राजू लाल पटेल (33 साल) निवासी ग्राम घोठा ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि सहकारी समिती ग्राम घोठा में साल 2013 से सहायक प्रबंधक के पद पर पदस्थ है। किसानों का धान खरीदी कर धान के बोरों को लाट के रूप में रखा गया है। एक लाट में करीबन 2500 बोरो की संख्या रहती है। 13 दिसंबर की शाम 6 बजे जब उन्होंने लाट में रखे धान के बोरों का मिलान किया तो उन्हें बोरों की संख्या कम मिली। मंडी के चौकीदार युवराज वर्मा से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह आफिस के काम से दूसरी सोसायटी ग्राम घोठा धान खरीदी केन्द्र चला गया था। युवराज ने बताया कि वह सोमवार सुबह 8.30 बजे धान खरीदी केंद्र हिरेतरा लौटा था। आने के बाद जब जब उसने लाट में रखे बोरों की निगरानी की तो उसने पाया कि धान के बोरों की संख्या कम दिखी। उस समय उसके साथ एक और चौकीदार तामरज साहू भी था।

कार्यो की प्रगति देखकर दिए कड़ा निर्देश

31 तक निर्माणाधीन पीएम आवास को पूरा करें :आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन पीएम आवास योजना को देखने के लिए पुनः आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दौरा किए। पूर्व में दिए गये निर्देशो के अनुसार कार्य के प्रगति की समीक्षा किए। मकान बनाने वाली एजेंसी को निर्देशित किए है कि 31 दिसम्बर तक जिन ब्लॉको की लाटरी हो चुकी है, उसके हितग्राही 50 प्रतिशत तक राशि जमा कर चुके है। उन मकानो के ब्लाक को समय अवधि में पूर्ण करें। जिससे हितग्राहियो को समय अवधि के अंदर मकान में शिफ्ट किया जा सके। अभी वर्तमान में 210 मकान एनआर स्टेट, 1120 मकान सूर्या विहार के पीछे चंद्रनिर्माण एजेंसी, 322 मकान कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे विनोद जैन एजेंसी के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। आज निरीक्षण के दौरान निगम के संबंधित अभियंता एवं एजेंसी के अधिकारियो को भी बुलाया गया था। उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के प्रगति को देखकर आयुक्त ने कड़ा निर्देश दिए। प्रथम कार्य मकान तक पहुंच मार्ग को पहले पूर्ण करें, जिससे हितग्राही आकर अपने मकानो का निरीक्षण कर सकें। पूर्व में खिड़की, दरवाजे, नल, पाईप, वांस बेसिंग इत्यादि लगाए है सब व्यवस्थित होने चाहिए। किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी जिम्मेदार होगी, उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन मौजूद थे।

राज्य शासन की एक वर्ष की उपलब्धि हितग्राहियों को मिला खुद का आशियाना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक साल सफलता पूर्वक पूर्ण है! प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना है जिसकी क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार हर प्रकार से अपने हितग्राहियों के आवास की समस्या को ध्यान में रखते हुए ताकि मकान के अभाव कोई भी व्यक्ति ना रहे। आम जनता के हितो को ध्यान रखकर पीएम आवास के बीएलसी घटक के अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनकी आय 3 लाख से कम हो, स्वयं की जमीन हो ऐसे हितग्राहियों को 30 वर्ग मीटर एरिया में मकान बनवाकर देने का प्रावधान रखा गया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य घटक एएचपी अंतर्गत ऐसे हितग्राही है जिनके पास जमीन तथा मकान नहीं है, जो कि 2015 के पूर्व से शहरी क्षेत्र में निवासरत थे, या जो किराए के मकान में रहते थे उन्हें वन बीएचके का फ्लैट बनवाकर दिया। पात्र हितग्राहियों को फ्लैट मकान आवंटित भी किया जा चुका है। बीएलसी अतर्गत मकान के दस्तावेज सहित लगभग 700 आवेदन में से पात्र 562 हितग्राहियो को मकान बनाकर आबंटित किया जा चूका है जो कि सफलता और सुखी पूर्वक अपने घर में निवासरत है। वर्तमान में बीएलसी घटक अंतर्गत 3335 के लक्ष्य अनुसार 3247 मकान पूर्ण किया जा चुका है तथा 78 प्रगतीरत है जो कि 98 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है ! 15 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण 2.0 का शुभारंभ किया गया। दूसरे चरण में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियो को योजना का लाभ दीये जाने हेतु पात्र हितग्राहियों को छूट दिया गया तथा ऐसे हितग्राही जो की 31 अगस्त 2024 के पूर्व से निवासरत है तथा जिनके पास जमीन के दस्तावेज है, आए तीन लाख से कम तथा जाति प्रमाण पत्र है उन्हें लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक वार्ड में शिविर आवेदन कर सर्वे कर आवेदन पत्र भरवारा जा रहा है। कमिश्नर सुमित कुमार अग्रवाल नें पीएम आवास के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को सख्त हिदायत दिया हुआ है कि योजना के लाभ से कोइ भी हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए।

पालिका द्वारा विविध आयोजन

कुम्हारी। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विविध आयोजनों में पहले दिन से ही विविध आयोजन किये जा रहे हैं। पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने स्वच्छता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 9 से 20 दिसम्बर तक चलने वाले विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत सरकार की जनहित कारी योजनाओं की जानकारी दी। नगरीय क्षेत्र एवं शासकीय, गैर शासकीय कार्यालय, औद्योगिक, व्यावसायिक परिसर क्षेत्र तथा प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरूक हेतु स्वच्छता सप्ताह मनाया। मुख्य नपा अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने बताया कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन कराया जा रहा है जो कि 20 दिसम्बर तक चलेगा।

रूंगटा ने चलाया दंत समस्यायों के लिए जागरूकता अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय पेडोडोंटिस्ट दिवस मनाने रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के डिपार्टमेंट ऑफ़पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री ने संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में विगत दिनों भिलाई-दुर्ग में सार्वजनिक कार्यक्रमों की एक आकर्षक श्रृंखला आयोजित की। अभियान में रूंगटा पब्लिक स्कूल, हिटेक अस्पताल और प्रयास श्रवण विकलांग संस्थान सहित कई स्थानों पर आकर्षक प्रदर्शन और शैक्षिक सत्र शामिल थे, जिसका उद्देश्य बच्चों और उनके परिवारों को दांत उखड़ने यानी आघात के कारण दांत का पूरी तरह से विस्थापित हो जाना के बारे में शिक्षित करना था। जागरूकता अभियान में एक नुक्कड़ नाटक और एक गतिशील समूह नृत्य शामिल था। जिसमें दांत उखड़ने, रोकथाम व आपातकालीन प्रबंधन को आकर्षक तरीके से दर्शाया गया था। उपस्थित लोगों को निःशुल्क पैम्फलेट और मौखिक स्वच्छता किट वितरित किए। प्रत्येक स्थान पर डिपार्टमेंट ऑफ़ पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री की प्रमुख डॉ. लुम्बिनी पाथिवाड़ा ने दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा आज हमारा मिशन शिक्षित करना, संलग्न करना और सशक्त बनाना है। रोकथाम का एक औंस इलाज के एक पाउंड के बराबर है। संस्थान के अध्यक्ष संजय रूंगटा व डीन डॉ. कार्तिक कृष्ण ने विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की।

वसूली के प्रगति पर मैदानी अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने रीजन अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं की बैठक लेकर बकाया राजस्व राशि के वसूली की प्रगति पर समीक्षा करते हुए उपस्थित मैदानी अधिकारियों को निर्धारित समायावधि तक लक्ष्य को हासिल के करने के दिशा-निर्देश जारी किये। समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी वितरण केन्द्र एवं जोन कार्यालय वार समस्त निम्नदाब उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त करते हुए बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली करने के निर्देष प्रसारित किये। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से राजस्व वसूली, डिस्कनेक्शन, ओएण्डएम चेकिंग, सतर्कता चेकिंग एवं विभिन्न महत्तपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होने बैठक में उपस्थित मैदानी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय कार्यो में कोताही बरतने वाले विद्युत कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने राजस्व वसूली पर प्राप्त जानकारी पर असंतोष जाहिर करते हुए मैदानी अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम वंदना रानी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400194/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका वंदना रानी आ./पति श्री मोहित लाल निवासी हिन्द नगर रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	60/26	0.0240 हें 2536 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम दुर्गेश्वरी साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400192/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दुर्गेश्वरी साहू आ./पति श्री रेवेन्द्र कुमार साहू निवासी रजोली बालोद तह.व जिला बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	60/10	0.0230 हें 2500 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र. 202411100600050 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भीखम लाल वर्मा आ.स्व. बिसरुराम वर्मा निवासी देवादा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 410/1, 402/8 रकबा 0.0300, 0.0100 हें/ भूमि पर व्यवसायिक प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किए जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.12.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511213960

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी नामेन्द्र कुमार साहू पिता/पति हरकराम साहू पता मांढर रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1039/43(0.0071) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता केवल कुमार साहू पिता/पति हरकराम साहू पता सेक्टर-9 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.11.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.11.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511214445

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी शाहीन अली पिता/पति मुमताज अली पता भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1039/30(0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता बलवंत पाटिल पिता/पति डीएम पाटिल पता कर्मचारी नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.12.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामानंद झा आ. स्व. मुनीलाल झा, निवासी- एल.आई.जी.- 1/684, वार्ड नं.-15, औद्योगिक क्षेत्र, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी.-1/684, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस वारिसानों श्री चन्दन कुमार झा आ. स्व. रामानंद झा ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.-1/684, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्री चन्दन कुमार झा के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. रामानंद झा के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्री चन्दन कुमार झा के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 17.12.2024 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./अ-6(अ)/वर्ष 2024-25

एदत् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राधिका शर्मा ध.प.स्व.श्री नंद कुमार शर्मा निवासी ग्राम औरी, पोस्ट जामगांव तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा मौजा कसारीडीह प.ह.न. 40 रा.नि.म. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 709/5 का टुकड़ा जो कि राजस्व अभिलेख में सरोजनी बाई बेवा नंदन प्रसाद अग्रवाल निवासी-कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के हक स्वामित्व व आधिपत्य में दर्ज था। आवेदिका सरोजनी बाई बेवा नंदन प्रसाद अग्रवाल से उसके हक स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 209/5 का टुकडा रकबा 0.009 हेक्टेयर/1050 वर्गमीटर भूमि भूखण्ड क. 02 पंजीकृत बैनामा दिनांक 04/05/1988 को कय किया जिसे आवेदिका ने प्रमाणित हेतु प्रस्तुत किया जहां पर श्रीमान तहसीलदार दुर्ग द्वारा संशोधन कमांक 350 आदेश दिनांक 05/06/1988 को प्रमाणित कर खसरा नंबर 709/10 प्रदान किया था। यह कि आवेदिका पुनः फिर से भूमिस्वामी सरोजनी बाई बेवा नंदन प्रसाद अग्रवाल से उसके हक स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 209/5 का टुकडा (भूखण्ड कमांक 04) रकबा 0.018 हेक्टेयर / 1950 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 14/06/1988 को कय किया जिसे आवेदिका ने प्रमाणीकरण हेतु प्रस्तुत किया जहां पर तहसीदार दुर्ग द्वारा संशोधित कमांक 399 आदेश दिनांक 05/07/1988 को प्रमाणीकरण खसरा नंबर 709/14 प्रदान किया था। यह कि आवेदिका द्वारा कय की गई उक्त संपत्ति/भूमि पृथक पृथक है परन्तु हल्का पटवारी द्वारा नये पांचसाला वर्ष में खसरा नंबर 709/10 रकबा 0.009 हेक्टेयर व 709/14 रकबा 0.018 हेक्टेयर को एक ही में समाहित कर खसरा नंबर 709/10 शामिल खसरा 709/14 रकबा 0.07 हेक्टेयर दर्ज कर दिया गया है जो पूर्णरूप से त्रुटिपूर्ण है तथा आज दिनांक तक वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है। खसरा नंबर 709/10 शामिल खसरा नंबर 709/14 रकबा 0.027 हेक्टेयर को पृथक कर खसरा नंबर 709/10 रकबा 0.009 हेक्टेयर/1050 वर्गफीट व खसरा नंबर 709/14 रकबा 0.18 हेक्टेयर/1950 वर्गफीट को राजस्व अभिलेख में पृथक-पृथक दर्ज करने अभिलेख दुरूस्त हेतु मय दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 10.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती रानू पाण्डेय ध.प. श्री रविन्द्र पाण्डेय, निवासी मकान नं. ई-109, न्यू पुलिस लाइन, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने (1) श्रीमती मेनका बाई चौधरी ध.प. ईश्वर लाल चौधरी, (2) मोहन लाल चौधरी आ. श्री अमरूराम चौधरी से एक जमीन, जिसका खसरा 797/13, प्लाट नं. 51, रकबा 0.0140 हेक्टयर = 1500 वर्गफिट जो कि ग्राम चंदखुरी, प.ह.नं. 37, रा.नि.म. अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.), संपत्ति ग्राम पंचायत अंतगर्त में स्थित है, रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 02.05.2019 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को (1) श्रीमती मेनका बाई चौधरी ध.प. ईश्वर लाल चौधरी, (2) मोहन लाल चौधरी आ. श्री अमरूराम चौधरी ने श्रीमती जुलेखा बेगम घ.प. सदरूद्दीन से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 02.07.2016 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को श्रीमती जुलेखा बेगम घ.प. सदरूद्दीन ने श्री रामकुमार आ. बंशीलाल से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 12.11.2008 के तहत क्रय किया था। उक्त बयनामा एवं उसकी ऋण पुस्तिका (श्री रामकुमार आ. बंशीलाल व श्रीमती झुलेखा बेगम ध.प. सदरूद्दीन) मेरी पक्षकारा से गुम हो गया था। इस बाबत् मेरी पक्षकारा द्वारा दिनांक 08.12.2024 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। अतः किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित मूल रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 12.11.2008 एवं उसकी ऋण पुस्तिका अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफको सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त मूल रजिस्टर्ड बयनामा से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

शुभ्रो चक्रवर्ती
अधिवक्ता, वास्ते अश्विनी सिंह
एण्ड एसोसिएट्स, 12 नगर निगम
परिसर सुपेला भिलाई (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

आवास योजना में रिश्वत का आरोप सिद्ध, रोजगार सहायक को पद से हटाया

बेमेतरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत घठोली में रोजगार सहायक भागीरथी ध्रुव पर आवास दिलाने के नाम पर हितग्राहियों से 10-10 हजार रुपये वसूली का आरोप सिद्ध हुआ है। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर उन्हें पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया हैं। जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका श्री ध्रुव द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच प्रतिवेदन में दोष सिद्ध होने पर महात्मा गांधी नरेगा प्रकोष्ठ, नया रायपुर के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत,नवागढ़ ने इस आशय के आदेश जारी कर दिया हैं।

गोवर्धन ने हाटरांका समिति अध्यक्ष का किया प्रभार ग्रहण किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति हाटरांका में आज प्राधिकृत अध्यक्ष गोवर्धन पटेल ने समिति कार्यालय हाटरांका पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर लोकनाथ पटेल, पुन्नी यादव, सोनू पटेल, पर्मेश्वर वर्मा, चंद्रशेखर राजपूत, तोषु पटेल, खेलावन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता व किसानगण उपस्थित रहें।

समुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति चुरियारा ने चलाया सफाई अभियान

नगरी/नवप्रदेश। समुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के द्वारा नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 चुरियारा प्राथमिक शाला विद्यालय के गांव के आसपास स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान मे डिस्पोजल पॉलिथीन एवं आसपास के हरे भरे पेड़ पौधे की सफाई की गई जिसमे वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष मदन लाल साहू उपाध्यक्ष लेखा बाई वन संसाधन समिति अध्यक्ष विष्णु भास्कर सचिव हेमलाल ध्रुव बलराम कुंजाम साथ सदस्य गण सुमित्रा बाई साहू पिगला बाई कमल सिंह पवन साहू जसवंत साहू प्रेमलाल सुरेश अधनु राम कलाबाई प्रेम भाई फूलबासन बिंदा बाई राधाबाई जितेश्वर कुंजाम हिरम बाई मिनेश्वरी खम्मन लेभाबाई संतोषी ध्रुव आसपास के लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे साथी लोगों को संदेश देते हुए कहा कि आसपास को स्वच्छ सुंदर बनाकर रखने कहा गया

निधन

गुरु दयाल साहू

रायपुर। छोटा भवानी नगर कोटा निवासी 74 वर्षीय, गुरु दयाल साहू का निधन आज दिनांक 17/12/2024 को हो गया है जिनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्ति धाम में कर दिया गया है वे पुनाराम, जागेश्वर साहू के पिता एवं नवीन साहू के मामा थे।

द्रौपति बाई यादव

रायपुर। काठाडीह निवासी द्रौपदी बाई यादव (65) पत्नी स्व. बसंत लाल यादव का मंगलवार को निधन हो गया. अंतिम संस्कार कल सुबह 10 बजे गृह ग्राम में ही किया जायेगा. वे पत्रकार ललित यादव की मां थीं।

कुशाल राम साहू

नगरी। कुशल राम साहू गाँव बेलर साथ ही समाज बेलर गांव के एवं नवदुर्गा विजयदशमी कीड़ा महोत्सव समिति बेलरगांव के सहसचिव कुशाल राम साहू का आकस्मिक निधन हो गया है।

आज जयंती : संत गुरु घासीदास ने दिया भाईचारे का संदेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गुरू घासीदास का जन्म 1756 में बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी में एक गरीब और साधारण परिवार में पैदा हुए थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया। जिसका असर आज तक दिखाई पड रहा है। उनकी जयंती हर साल पूरे छत्तीसगढ़ में 18 दिसम्बर को मनाया जाता है। गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंचनीच, झूठ-कपट का बोलबाला था, बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था की वजह से ही इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए, जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा। 18 दिसंबर संत गुरु घासीदास जयंती है।

ज्ञान की प्राप्ति

गुरु घासीदास जी का जन्म 18 दिसंबर 1756 में छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में गिरौद नामक ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम मंहगू दास तथा माता का नाम अमरौतिन था और उनकी धर्मपत्नी का सफुरा था। गुरू घासीदास को ज्ञान की प्राप्ति छतीशगढ के रायगढ़ जिला के सारंगढ़ तहसील में बिलासपुर रोड (वर्तमान में) मंदिर स्थित एक पेड़ के नीचे तपस्या करते वक्त प्राप्त हुआ माना जाता है। जहां आज गुरु घासीदास पुष्प वाटिका की स्थापना की गई है।

गहरा सम्बन्ध

गुरू घासीदास बाबाजी ने समाज में व्याप्त जातिगत विषमताओं को नकारा। उन्होंने ब्राह्मणों के प्रभुत्व को नकारा और कई वर्णों में बांटने वाली जाति व्यवस्था का विरोध किया। उनका मानना था कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति सामाजिक रूप से समान हैसियत रखता है। गुरू घासीदास ने मूर्तियों की पूजा को वर्जित किया। वे मानते थे कि उच्च वर्ण के लोगों और मूर्ति पूजा में गहरा सम्बन्ध है।

प्रेरणा

बाबा गुरु घासीदास की जयंती से हमें पूजा करने की प्रेरणा मिलती है और पूजा से सद्विचार तथा एकाग्रत बढ़ती है। इससे समाज में सद्?कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। वे सत्य की तलाश के लिए गिरौदपुरी के जंगल में छाता पहाड़ पर समाधि लगाए इस बीच गुरूघासीदास जी ने गिरौदपुरी में अपना आश्रम बनाया तथा सोनाखान के जंगलों में सत्य और ज्ञान की खोज के लिए लम्बी तपस्या भी की।

-रविंद्र रामटेके
सामाजिक कार्यकर्ता राजनांदगांव

वर्षों से पट्टा और पीएम आवास से वंचित महिलाओं ने खोला मोर्चा

कोपरा की महिलाएं उठीं हक की लड़ाई के लिए, कलेक्टर ने दिए सर्वे के आदेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा की सैकड़ों महिलाएं मंगलवार को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए समाजसेवी और पत्रकार गोरेलाल सिन्हा के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय पहुंचीं। वर्षों से पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने से परेशान महिलाओं ने जिलाधीश दीपक कुमार अग्रवाल से मुलाकात की और अपनी पीड़ा साझा की। महिलाओं ने बताया कि वे पैरी नगर क्षेत्र में 40-50 वर्षों से निवासरत हैं, लेकिन उनके पास अब तक आवासीय पट्टे नहीं हैं। इस कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पाया है। महिलाओं ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी इस संबंध में कई बार आवेदन दिए, लेकिन किसी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया। महिलाओं का नेतृत्व कर रहे पत्रकार एवं समाजसेवी गोरेलाल सिन्हा ने उनकी आवाज को मजबूती से जिलाधीश के सामने रखा। उन्होंने कहा, ष्कोपरा के नागरिक वर्षों से प्रशासन की उपेक्षा झेल रहे हैं। बिना पट्टे के इन परिवारों का जीवन बेहद कठिन है। शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब इन जरूरतमंदों तक उनका लाभ पहुंचे।

कलेक्टर का गंभीर रुख, दिए सर्वे के निर्देश

जिलाधीश दीपक कुमार अग्रवाल ने महिलाओं और गोरेलाल सिन्हा द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना। उन्होंने तत्काल नगर पंचायत कोपरा में सर्वे कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने अपर कलेक्टर, एसडीएम राजिम और सीएमओ नगर पंचायत कोपरा को जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि आवासीय पट्टों और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए।

महिलाओं की एकजुटता बनी प्रेरणा

कोपरा की सैकड़ों महिलाओं का अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर खड़ा होना एक मिसाल है। उनकी इस लड़ाई को पत्रकार एवं समाजसेवी गोरेलाल सिन्हा का समर्थन मिलने से आवाज और बुलंद हुई। महिलाओं ने कहा, ष्हम अपने बच्चों को झोपड़ियों में बड़ा होते नहीं देख सकते। हमें जीने के लिए बुनियादी सुविधाएं चाहिए, और इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।ष

आशा की किरण

कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों से महिलाओं और नगरवासियों में उम्मीद जगी है। अब सबकी नजरें इस पर टिकी हैं कि सर्वे कार्य कब तक पूरा होगा और उन्हें पट्टे और आवास योजना का लाभ कब मिलेगा।

सांसद बृजमोहन ने लोस में उठाया ग्रामीण विकास का मुद्दा

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को लोकसभा में ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अस्थायी निधि जारी करने के विषय में सवाल पूछते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय से इस संबंध में विवरण और मानदंड की जानकारी मांगी।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मांग की कि राज्यों द्वारा तैयार किए गए विशेष ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिए केंद्र सरकार अस्थायी निधि जारी करे। इसके जवाब में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने बताया कि मंत्रालय किसी भी राज्य द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिए अस्थायी निधि जारी नहीं करता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि मंत्रालय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), दीनदयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन), ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कई प्रमुख योजनाओं के तहत निधि जारी करता है। मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के तहत निधि जारी करने की प्रक्रिया नियमानुसार तय दिशा-निर्देशों और योजनाबद्ध संरचना पर आधारित होती है। राज्यों को इसके लिए उपयोगिता प्रमाणपत्र, निधियों के उपयोग का विवरण और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस बात पर बल दिया कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय और विशेष योजनाओं पर ध्यान देना ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, ग्रामीण विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत रहूंगा। यह पहल सांसद बृजमोहन अग्रवाल के छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति समर्पण और उनके विकास के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों को दर्शाती है।

विधायक अंबिका ने विस सत्र में उठाया क्षेत्र में बदहाल नल जल योजना की समस्याओं को

नगरी/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में विगत कई वर्षों से निर्माण कार्य जारी है जिन्हें अभी तक पूर्ण रूप से तैयार कर हेंडओवर ग्राम पंचायत को नहीं किया गया है साथ इस योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में अति अनियमिता की शिकायत विगत कई वर्षों से देखने को मिल रहा है जो की सिहावा क्षेत्र में महत्वपूर्ण समस्याएं में से एक है जिसे विधान सभा के शीतकालीन सत्र में विधायक सिहावा अंबिका मरकाम ने प्रश्नकाल के दौरान लगाया जिसमें उन्होंने सम्बंधित मंत्री से जानना चाहा कि धमतरी जिला के अंतर्गत कलेक्टर महोदया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि लगभग 82त्न जल जीवन मिशन के अंतर्गत 960 ग्राम पंचायत में से 506 ग्राम पंचायत में कार्य पूर्ण करने की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति की माध्यम से दी गई थी जो की वस्तु स्थिति के हिसाब से पूर्ण नहीं पाया जाता है और देखा जाए तो वर्तमान में परिस्थितियों अलग ही नजर आ रही है जिसकी शिकायत सरपंच संघ ने भी की है इसमें उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि कई ग्राम पंचायत में अभी भी कार्य पूर्ण नहीं की गई है कहीं पाइपलाइन अधूरा है तो कहीं टंकी का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाया है तो कहीं पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पाया वही निर्माण कार्य में गुणवता का भी विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण कई ग्राम पंचायत में लीकेज की अधिकतर समस्याएं रहती है वहीं कई ठेकेदारों को एन .वो. सी .मिल गई है जिनके काम पूर्ण नही है जिस पर अभी तक कोई संज्ञान में नही लिया गाया वही अंबिका मरकाम ने उप मुख्यमंत्री मंत्री मोहदय से जनकारी चाही की जल जीवन मिशन के अंतर्गत धमतरी जिला में वित्तीय वर्ष 2022-23 हुआ 2023 -24 में 31 अक्टूबर 2024 की स्थिति तक घरेलू नल जल कनेक्शन हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है उक्त वित्तीय वर्ष में दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक कितनी कितनी केंद्रअंस राज्यअंस राशि प्राप्त हुई है कितनी राशि का ब्याय की जा चुकी एवं कितनी शेष है वर्ष अनुसार बताएं उक्त दोनों वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य विरुद्ध घरेलू जल कनेक्शन स्वीकृत हुए कितने कार्य पूर्ण अपूर्ण है तथा अपूर्ण के कारण क्या है कब तक पूर्ण किए जाएंगे दिनांक 31 अक्टूबर 2024 की स्थिति में निर्धारित लक्ष्य में से लक्ष्य पूर्ति कितने प्रतिशत पीछे या आगे रही है यदि पीछे चल रही है तो क्या कारण है उसका जिम्मेदार कौन है संबंधित के खिलाफ क्या कार्यवाही की जाएगी वर्ष अनुसार बताएं जिस पर उपमुख्यमंत्री अरुण शाव ने जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत धमतरी जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 से व 2023 -24 तथा 2024 -25 में 31 अक्टूबर 2024 की स्थिति में घरेलू नल जल कलेक्शन हेतु निर्धारित लक्ष्य निम्न अनुसार है वित्तीय वर्ष 2022-23 का लक्ष्य 46561साथ ही 2023 24 का लक्ष्य 39 865 2024- 25 31 अक्टूबर 2024 तक संलग्न है। इसी तरह अन्य प्रश्नों की जानकारी भी उप मुख्यमंत्री के द्वारा दी गई जो की वस्तु स्थिति को अलग ही दर्शाती है।

महापौर सहित निगम पदाधिकारियों ने दी गुरू घासीदास जयंती की बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती पर सतनामी समाज को शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास छुआछुत एवं जातपात के कुंठा विचार को समाज से हटाने वालों में से थे। वे सत्य, अहिंसा एवं मानवता का संदेश समाज को दिये तथा सब मनुष्यों को एक समान मानते थे। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, श्री अमीन हुद्दा, वरिष्ठ सभापति अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम आदि।

सरपंच संघ ने सोमनी थाना ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत राजनांदगांव के सरपंच संघ द्वारा आज सोमनी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को पत्र सौपते हुए,सरपंच संघ ने बताया कि कल्याणी कंपनी के अजीत सिंह के द्वारा सरपंच संघ को अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कार्रवाई हेतु पत्र सौपा गया है।

ब्लॉक के सरपंच पदाधिकारी ग्राम कोपेडीह,अंजोरा,जोरातरई,मगरलोटा, मुढ़ीपार,बैगाटोला क्षेत्र में स्थापित हो रहे संयंत्र में कुछ विषयों को लेकर सरपंच संघ के पदाधिकारी गए थे जिसमें बातचीत के दौरान कल्याणी कंपनी के (जी एम) अजीत सिंह के द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ सरपंच संघ सरपंचों द्वारा पैसा लेकर एनओसी देकर बाद में मुकर जाते हैं जिससे हमारे सभी छत्तीसगढ़ के सरपंच संघ ऐसी होते हैं इस प्रकार झूठा आरोप लगाया गया है जिससे हम सभी सरपंचों का मान सम्मान ठेस पहुंचा है।

जनादेश परब वृहत्तर सहकारी समिति उतई में मनाया

उतई/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने किसानों का नारियल एवं किसान गमछा तिलक लगाकार सम्मान किया।भाजपा सरकार किसानों का एक एक दाना धान खरीदेगा।और 21 क्यूंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीद रहें।कांग्रेस वालों के पास काम नही इस कारण धान खरीदी में जाकर किसानों को भड़काने का काम कर रहें।कांग्रेस सरकार ने ही पिछले वर्ष राइस मिलरों का पैसा नहीं दिया इस कारण इस बार राइस मिलरों के द्वारा धान नही उठाया जा रहा हैं। इस ओर भाजपा सरकार के सहयोग से ही सभी खरीदी केंद्रों में जल्द से जल्द धान का उठाव किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधिकारी,प्रबंधक गिरधर सोनी,रूपनारायण शर्मा,लुमेश्वर चंद्राकर,पुरेंद्र वर्मा,सोनू राजपूत,सतीश,चंद्राकर,नरेंद्र साहू,श्रीमती टिकेश्वरी साहू,श्रीमती रेखा वर्मा,टूमन चंद्राकर,राजू साहू,अखिलेश चंद्राकर,दुष्यंत सपहा,संतोष कौशिक,करन देशमुख,मंशा भारती,करण सेन,माधो साहू, चेतन सिन्हा,प्रमोद कंकड़े,शुभम वर्मा,कन्हैया चंद्राकर,शंकर राव,हरीश यादव, दानेश्वरी देशमुख,लता सोनवानी,नवल गायकवाड़,परस वर्मा,समिति के कर्मचारी गण,एवं बड़ी संख्या में किसान गण उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

सत्ता पक्ष के विधायक ने अवैध प्लाटिंग...

अनियमितताएं दिखाई दे रहे है कार्यवाही क्या करेंगे इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है? पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोक के बीच गड़बड़ी करने वालों पर कार्यवाही करने विपक्ष सदन के भीतर नारेबाजी करने लगा। इसके साथ ही विपक्ष ने सदन के भीतर नारेबाजी करते हुए सदन से वॉक आऊट किया।

805 करोड़ के अनुपूरक ...

नगरीय प्रशासन के लिए, मुख्यमंत्री समग्र के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। चित्रोत्पला मैजिक पहली फिल्म सिटी नया रायपुर में बनने जा रही है।

एक राष्ट्र एक चुनाव ...

सदस्यों ने इसे संविधान एवं संघवाद के खिलाफ बताते हुए इसका विरोध किया। विधेयक को पेश करने पर सत्ता और विपक्ष के बीच लम्बे वाद-विवाद के बाद इस पर मतविभाजन कराया गया। मतविभाजन में संविधान (129वां) संशोधन विधेयक 2024 और संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक 2024 विधेयकों को पुर्रस्थापित करने के पक्ष में 269 मत और विरोध में 198 वोट पड़े।

विधेयक संविधान सम्मत

सदन ने इन विधेयकों को बारीकी से समीक्षा के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव पारित किया है। विधेयक को पेश करते हुए मेघवाल ने कहा कि संविधान संशोधन का यह विधेयक संविधान सम्मत है और किसी भी रूप में यह राज्य की शक्तियों कम नहीं करता है। इस विधेयक से संविधान के मूल ढांचे में कोई छेड़छाड़ नहीं होती है। इससे कोई न तो संसद की शक्ति में कमी आ रही है न ही विधानमंडल की शक्ति में कमी आ रही है।

उन्होंने कहा, हम संविधान की किसी सूची में संशोधन नहीं कर रहे हैं तो संघीय ढांचे पर कैसे हमला होगा। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि कोई भी देश के संघीय ढांचे को नहीं बदल सकता है। हम संविधान की किसी अनुसूची में कोई संशोधन नहीं कर रहे हैं।

चश्मा विदेशी हो, तो संविधान...

एकता हो ही नहीं पाएगी और यह देश आर्थिक रूप से कभी आत्मनिर्भर नहीं होगा। आज 75 साल के समय के बाद संविधान को स्वीकार करने के बाद पीछे मुड़कर देखते हैं, तो सरदार पटेल का मैं धन्यवाद करना चाहता हूं। सरदार पटेल के अथक परिश्रम के कारण देश आज एकजुट होकर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है। हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा-शाह ने आगे कहा, जो कहते थे कि इस देश में लोकतंत्र सफल नहीं होगा। मैं उन सभी लोगों को सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि 75 साल हो गए, हमारे पास-पड़ोस और दुनियाभर में लोकतंत्र सफल नहीं हुए। लेकिन हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा है। रक्त की एक बूंद बहाए बगैर हमने अनेक परिवर्तन किए और विचारधाराओं के आधार पर भी हमने परिवर्तन किए। तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर किया-शाह ने कहा, अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर करने का काम इस देश की जनता ने किया है। लोकतांत्रिक तरीके से किया है। जो कहते थे कि भारत आर्थिक तौर पर कभी आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा, उन्हें भी हमारी जनता और संविधान की खूबसूरती ने जवाब दिया है। हम आज दुनिया का पांचवां अर्थ तंत्र बनकर दुनिया के सामने खड़े हैं।

सच हो रही भविष्यवाणी: शाह

संविधान पर चर्चा के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, कोई ये न समझे कि हमारा संविधान दुनिया के संविधानों की नकल है। हां, हमने हर संविधान का अभ्यास जरूर किया है, क्योंकि हमारे यहां ऋग्वेद में कहा गया है, हर कोने से हमें अच्छाई प्राप्त हो, सुविचार प्राप्त हो, और सुविचार को स्वीकारने के लिए मेरा मन खुला हो। हमने सबसे अच्छा लिया है, लेकिन हमने हमारी परंपराओं को नहीं छोड़ा है। पढने का चश्मा अगर विदेशी है, तो संविधान में भारतीयता कभी दिखाई नहीं देगी।

भूमिका सकारात्मक हो-राज्य सभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, संविधान की रचना के बाद डॉ अंबेडकर ने बहुत सोच समझकर एक बात कही थी कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो, वह बुरा बन सकता है, अगर जिन पर उसे चलाने की जिम्मेदारी है, वो अच्छे नहीं हों। उसी तरह से कोई भी संविधान कितना भी बुरा हो, वो अच्छा साबित हो सकता है, अगर उसे चलाने वालों की भूमिका सकारात्मक और अच्छी हो। ये दोनों घटनाएं हमने संविधान के 75 साल के कालखंड में देखी हैं।

एसीबी ने रिश्वतखोर बाबू ...

रुपये रिश्वत और एक बकरे की भी मांग की है।

रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपित को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। मामले के वेरिफिक्रेशन के बाद एसीबी ने ट्रैप बनाया और सुनियोजित तरीके से रिश्वत लेने वाले आरोपित माईकल पीटर को गिरफ्तार कर लिया।

बेटे की शादी के लिए मांगा बकरा

आरोपित बाबू माईकल पीटर के बेटे की शादी 28 दिसंबर को है। शादी की पार्टी के लिए कोटवार से रिश्वत के रूप में एक बकरा मांगा था। वहीं, चार बकरे और खोजने के लिए कहा गया था। ऐसा नहीं करने पर बहाली रोकने की बात कही गई थी।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट क्रमांक 72, ब्लाक नं. 06, (द्वितीय तल) को इस कार्यालय के आबंटन आदेश करमांक 5067 दि. 23.03.2009 के द्वारा श्रीमती मुन्नी बाई अग्रवाल पति श्री रमेश कुमार अग्रवाल के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट के मद में संपूर्ण राशि जमा कर भवन की लीजडीड दि. 30.12.2010 को पंजीकृत करने उपरांत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4146 दिनांक 05.05.2011 फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी श्रीमती मुन्नी बाई अग्रवाल पति श्री रमेश कुमार अग्रवाल बी-7,सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट कोकक्रेता श्री अरुणेश गौतम पिता श्री सी.के. गौतम निवासी मकान नं. 128, ख, ग्राम पोस्ट बड़ी बस्ती, प्राईमरी विद्यालय के सामने, बरती सतना (म.प्र.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर

न्यूज गैलरी

गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग रायपुर से जारी अधिसूचना अनुसार 18 दिसम्बर 2024 को गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर जिले की समस्त देशी-विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएगी। उक्त दिन मदिरा का विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिला आबकारी अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि उक्त अवधि में जिले में मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाए व जब्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 के आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के आरक्षण को स्थगित कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण की कार्यवाही के लिए समय सारणी जारी की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त कार्यवाही को स्थगित की गई है।

राज्य वीरता पुरुस्कार वर्ष 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुध्दिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरूस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके तहत् 05 बालक, बालिका को 25 (पच्चीस) हजार रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरूस्कार के रूप मे प्रदान किया जाएगा। इस संबंध मे आवेदन 02 जनवरी 2025 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम को प्रस्तुत की जाएगी। आवेदन निर्धारित प्रारूप मे समस्त अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि तक स्वीकार्य होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही की जाएगी।

नाबालिग दैहिक शोषण करने के आरोपी को 20 साल की सजा

खैरागढ़/नवप्रदेश। नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर उसका दैहिक शोषण करने के दो साल पूराने पाक्सो एक्ट मामले में आरोपी को न्यायालय ने बीस साल सश्रम कारावास और 5 हजार रू अर्थदंड की सजा सुनाई है । अभियोजन पक्ष के अपर लोक अभियोजक ज्ञान दास बंजारे ने बताया कि मामला जिले के गंडई थाना मे दो साल पहले दर्ज किया गया था । आरोपी ऋषभ यादव 20 वर्ष ने थाना क्षेत्र इलाके के नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसला कर भगा ले गया था । इस दौरान आरोपी नाबालिग का दैहिक शोषण करता रहा ।

विधायक भावना ने विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क स्थापना मुद्दा उठाया

पंडरिया/नवप्रदेश। विधानसभा विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जा रहा है। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भी भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना को लेकर प्रश्न उठाया इसके साथ ही नगरीय निकायों में रिक्त पदों पर अस्थाई व्यवस्था, राशन कार्ड के नवीनीकरण एवं संलग्नीकरण किये गए एवं नवीन उचित मूल्य की दुकानों के संबंध में भी प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने पूछा की पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना हेतु ग्राम कुई, विकासखंड पंडरिया में कुल रकबा 11498 हेक्टेयर शासकीय भूमि का चयन किया गया था एवं भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही न्यायालय नायब तहसीलदार, कबीरधाम के समक्ष प्रक्रियाधीन थी? क्या इसका निवारण किया जा चुका है ? यदि नहीं तो कब तक किया जावेगा तथा भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अमूमन कितने समय में औद्योगिक एवं फूड पार्क की स्थापना की जावेगी? जिसके प्रतिउत्तर में विभागीय मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जी ने बताया कि पंडरिया विधानसभा में औद्योगिक क्षेत्र एवं फूड पार्क की स्थापना हेतु ग्राम कुई, तहसील पंडरिया में कुल रकबा 11.498 हेक्टेयर शासकीय भूमि के हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली

गई है जिसे कलेक्टर, जिला-कबीरधाम द्वारा भूमि वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को हस्तांतरित की गई है। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरांत जल्द ही फूडपार्क की स्थापना की जा सकेगी।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा के नगर पालिका परिषद् पंडरिया, नगर पंचायत पांडातराई एवं नगर पंचायत इंदौरी में कौन-कौन से पद रिक्त हैं, उनमे भर्ती कब तक की जाएगी एवं रिक्त पदों पर अस्थाई की गई है तो उसके संबंध में जानकारी के संबंध में प्रश्न पूछा! जिसके उत्तर में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बताया कि नगर पालिका परिषद् पंडरिया में उप अभियंता, लेखापाल, सहायक वर्ग 02, राजस्व उप निरीक्षक के 1-1 पद एवं सहायक वर्ग-03 के 2 पद रिक्त हैं। नगर पंचायत पांडातराई में उप अभियंता एवं लेखापाल के 1-1 पद तथा नगर पंचायत इंदौरी में उप अभियंता, लेखापाल, राजस्व उप निरीक्षक एवं सफाई दरोगा के 1-1 पद एवं सहायक वर्ग-03, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं भृत्य के 2-2 पद रिक्त हैं जिसमें भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। नगर पालिका परिषद् पंडरिया में उप अभियंता के अस्थाई व्यवस्था हेतु डी. आर. साहू उप अभियंता, नगर पंचायत बोड़ला को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी ने जानकारी दी की नगर पालिका पंडरिया में लेखापाल के अस्थाई व्यवस्था हेतु अजय पटेल, सहायक राजस्व निरीक्षक, नगर पंचायत पांडातराई को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पालिका परिषद् पंडरिया में सहायक ग्रेड़-03 के अस्थाई व्यवस्था हेतु भूपेन्द्र मानिकपुरी, सहायक ग्रेड़-03, नगर पंचायत पांडातराई को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पंचायत पांडातराई में उप अभियंता के अस्थायी व्यवस्था हेतु पी.एल. इन्दौरिया, उप अभियंता, नगर पंचायत पिपरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। नगर पंचायत इंदौरी में उप अभियंता का पद रिक्त है, अस्थाई व्यवस्था हेतु संजय मोटवानी, उप अभियंता, नगर पंचायत देवकर को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत इंदौरी में लेखापाल का पद रिक्त है अस्थाई व्यवस्था हेतु राजेश चन्द्रवंशी, लेखापाल नगर पंचायत पिपरिया को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भावना बोहरा ने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के संबंध में प्रश्न भी उठाया कि वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के मध्य संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में से किन-किन दुकानों का संलग्नीकरण कर, कब से संचालित किया जा रहा है?

जगह नहीं होने के चलते गातापार जंगल, ईटार में चार दिन से खरीदी बंद, टोलागांव में बंद होने के कगार पर

धान परिवहन व्यवस्था के प्रशासनिक दावे फेल, समितियों में बफर लिमिट धान जाम

खैरागढ़/नवप्रदेश। धान खरीदी समितियों मे बफर लिमिट पार होने के बाद भी उठाव नही होने के चलते व्यवस्था गडबड़ा गई है । गातापार जंगल उपार्जन केन्द्र में दो दिन से खरीदी बंद कर दी गई है । इसी तरह ईटार समिति में भी लगातार अल्टीमेंटम के बाद भी खरीदे गए धान का उठाव नही होने के च लते पिछले तीन दिन से धान खरीदी बंद कर दी गई है । लगातार सूचना के बाद भी प्रशासन यहाँ परिवहन की व्यवस्था नही बना पा रहा है । धान के उठाव और परिवहन के प्रशासनिक दावे पूरी तरह फेल गए है ।

ईटार मे पांच, गातापार में तीन गुना धान डंप

जिले के गातापार जंगल उपार्जन केन्द्र मे समिति की क्षमता से तीनगुना अतिरिक्त धान उठाव के इंतजार है । गातापार केन्द्र मे 72 सौ क्विंटल धान रखने की जगह है यहाँ अब तक 22 हजार 122 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है । लगातार अल्टीमेंटम के बाद अब तक गातापार से केवल 1840 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। पिछले चार दिन से समिति द्वारा प्रशासन सहित धान खरीदी से जूड़े आला अधिकारियों को इसकी लिखित सूचना दी गई है । इसके बाद भी यहाँ परिवहन के लिए कोई व्यवस्था नही बन पाई है । यही हाल ईटार समिति मे है । ईटार समिति का बफर लिमिट 72 सौ क्विंटल होने के बाद यहाँ 37 हजार क्विंटल धान डंप हो चुका है । खरीदी बंद किए जाने के पांच दिन पहले दिए गए अल्टीमेटम के बाद केवल 5 ट्रक धान का ही परिवहन किया गया है । लगातार सूचना के बाद भी शनिवार और रविवार को यहाँ परिवहन नही किया जा सका । जबकि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अधिकारियों से शनिवार और रविवार अवकाश होने पर ज्यादा से ज्यादा धान परिवहन किए जाने के आदेश दिए थे । ताकि जिन केन्द्रों मे जगह की कमी के चलते धान खरीदी मे दिक्कत आ रही है । वहाँ नियमित खरीदी की जा सके । लेकिन कलेक्टर के आदेश का अधिकारियों पर कोई असर नही पड़ा । गातापार और ईटार समिति मे लिखित मे जानकारी दिए जाने के बाद भी धान उठाव की व्यवस्था चार दिन बाद भी नही बन पाई है ।

टोलागांव मे भी खरीदी बंद होने के कगार पर

खैरागढ़ जिला सहकारी बैंक के तहत आने वाले टोलागांव धान खरीदी केन्द्र मे भी ओवर स्टाक के चलते धान खरीदी बंद होने के कगार पर पहुँच गई है । यहाँ अतिरिक्त व्यवस्था बनाकर धान खरीदी को ले देकर आगे चलाया जा रहा है । बताया गया कि दो दिन मे यहाँ से भी धान का उठाव नही हूआ तो यहाँ दो दिन बाद खरीदी बंद करने की स्थिति आ जाएगी । गातापार, ईटार जैसे केन्द्रों मे रोजाना पांच हजार क्विंटल से अधिक धान की आवक है । ऐसे मे परिवहन व्यवस्था नही सुधरने से धान खरीदी अटकने के संकेत है । समिति कर्मचारियों ने बताया कि उठाव होने के बाद भी धान की खरीदी संभव हो पाएगी।

आधे से ज्यादा किसानों ने बेचा धान, दस फीसदी ही परिवहन

खैरागढ़ जिले मे अब तक 35577 पंजीकृत किसानों ने अपना धान समितियों मे बेचा है । जिले मे पंजीकृत किसानों की संख्या 71 हजार से अधिक है । ऐसे मे आधे से ज्यादा किसानों के धान समितियों मे पहुँच चुके है । जिले मे अब तक 1852109 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है ।

चेंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक आज दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को दोपहर 12.00 बजे चेंबर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में आयोजित हुई।

बैठक की कार्यवाही विषय सूची के अनुसार प्रारंभ की गई जिसमें पिछली कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, चेम्बर को प्राप्त लगभग 135 नए सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच के पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई एवं सदस्यों से प्राप्त आवेदन फर्मों के नाम, स्थान, प्रतिनिधि के नाम परिवर्तन, रुपए 10000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति, व्यापार मेला एवं क्रिकेट मैच आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। उपरोक्त सभी विषयों पर कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किये। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष श्री मनमोहन अग्रवाल ने न्यायालयीन प्रकरण के बारे में जानकारी दी । श्री पारवानी ने बैठक में उपस्थित समस्त व्यापारियों से कहा कि यदि किसी को भी ई वे बिल, जीएसटी से संबंधित कोई भी समस्या हो तो आप टेक्निकल टीम के सदस्य सी.ए. श्री मुकेश मोटवानी जी से संपर्क कर सकते हैं। श्री प्रभात मलिक, डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, छत्तीसगढ़ शासन ने नई उद्योग नीति के बारे में सदस्यों को जानकारी दी जो निम्नानुसार है।

विधायक ललित चंद्राकर ने दिव्यांग जनों को किया ट्राइसिकल वितरण

उतई/नवप्रदेश। मचांदुर में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर दिव्यांग जानो को ट्राइसिकल वितरण किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है कि दिव्यांग जानों को ट्राइसिकल वितरण किया गया है। यह न केवल उनकी गतिशीलता में सुधार करेगा, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में भी अधिक स्वतंत्रता प्रदान करेगा। यह पहल न केवल दिव्यांग जानों के लिए, बल्कि समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमें यह याद दिलाती है कि हमारे समाज में सभी को

समान अवसर और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए, चाहे वे दिव्यांग हों या नहीं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, एसडीएम, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत सीईओ जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख , जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर , जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड , उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा , महामंत्री सोनू राजपूत , वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रूपेश पारख आदि मौजूद रहे।

कांग्रेसियों की नाराजगी के बाद पालिका प्रशासन जागा, लालपुर मुक्तिधाम में कराई सफाई

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के राजफैमली लालपूर स्थित मूक्तिधाम मे लचर सफाई व्यवस्था और गंदगी के कांग्रेस द्वारा निरीक्षण के बाद आखिरकार पालिका प्रशासन जागा और मुक्तिधाम की सफाई शुरू कराई । पालिका मे नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन सहित कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने रविवार सुबह लालपूर मुक्तिधाम का औचक निरीक्षण किया था । इस दौरान वहाँ दाह संस्कार करने वाली जगह को छोडक़र बाकी जगह गंदगी खरपतवार सहित कंटीली झाडियां ही मिली ।

पुरानी मंडी कुरूद में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन स्थल

कुरूद/नवप्रदेश। छ.ग. शासन के सुशासन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर विकासखंड कुरूद में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन स्थल पुरानी मंडी कुरूद में सिविल अस्पताल कुरूद जिला धमतरी में होगा ब्लड डोनेशन कैंप, जिसमें कुरूद नगर के विभिन्न संघ संगठनों, एन जी ओ और रक्तदान के इच्छुक लोग रक्तदान करेंगे। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ यू एस नवरतन ने बताया कि छ.ग. शासन के सुशासन के 01 वर्ष पूर्ण होने पर विकासखंड कुरूद में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन स्थलः पुरानी मंडी कुरूद में जिला चिकित्सालय धमतरी ब्लड डोनेशन टीम की उपस्थिति में दिनांक 20.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे से किया जाना है।

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नया रायपुर अटल नगर
पांचवां तल, व्यावसायिक परिसर (दक्षिण-पूर्व कार्नर) सेक्टर-27, नया रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4016094 E-mail id- 1. em_zone2@yahoo.com, 2. eozone3cghb2@gmail.com

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	कालोनी का नाम	भू-खण्ड/भवन क्रमांक
1	2	3	4	5
1	श्री अनूप कुमार भट्टाचार्य एवं श्रीमती पुर्णिमा भट्टाचार्य	स्व श्री ए.के. भट्टाचार्य श्री अनुप कुमार भट्टाचार्य	सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर	पी2ए-446
2	श्री गोवर्धन लाल साहू	स्व. श्री सरजू राम साहू	--तदैव --	पी3ए-160
3	श्री आलोक कुमार यादव एवं श्रीमती प्रीति यादव	श्री सी.एल. यादव श्री आलोक कुमार यादव	--तदैव--	पी3ए-635
4	श्री गौतम चौधरी एवं श्रीमती अनीता चौधरी	स्व. श्री मीलन कांती चौधरी श्री गौतम चौधरी	--तदैव--	पी3ए-167

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. **162861**/निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2024-25 दि 17.12.2024 निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **07.01.2025** 17.30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - रायपुर जिले के विकासखंड आरंग के समोदा बैराज के डाऊनस्ट्रीम में प्रोटेक्शन कार्य का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य, आर.डी. 0 मी. से 115.50 मी. एवं 289.50 मी. से 720.00 मी. तक का कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 290.80 लाख
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **24.12.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. द्वितीय चरण कार्य संभाग, रायपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-242504659/3

// सूचना //

नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 हेतु छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 एवं नगरपालिका निगम अधिनियम 1956/नगरपालिका अधिनियम 1961 के नियमों के प्रावधानों के तहत नगरीय निकायों क्रमशः नगर पंचायत आमदी, भखारा, मगरलोड, कुरूद, नगरी एवं नगरपालिका निगम धमतरी के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही विहित प्राधिकारी कलेक्टर महोदय जिला धमतरी के द्वारा की जावेगी।

आरक्षण की कार्यवाही के दौरान जो नागरिक उपस्थित रहना चाहते हैं वे उपस्थित रह सकते हैं।

1. स्थान का विवरण - कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष धमतरी
2. कार्यवाही का दिनांक - 19.12.2024
3. कार्यवाही प्रारंभ का समय - अपरान्ह 04.00 बजे

कलेक्टर
जिला- धमतरी

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./528/निविदा/लो.नि.वि./2024 — भिलाई-चरौदा, दिनांक 16.12.2024

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :

क्र.	कार्य का नाम	सिस्टम टेंडर क्र.	लागत राशि (रु. लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	Supply of 62 Manpower (High Skilled, Skilled, Semi-Skilled & Non-Skilled) For Various Works In Municipal Corporation, Bhilai-Charoda	162949	Rs.110.03	08.01.2025
2	Supply Of 97 Manpower (Non-Skilled) For Various Works In Municipal Corporation, Bhilai-Charoda	162950	Rs.160.28	08.01.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा शर्तों के तहत दस्तावेज़ कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाँक - 10.01.2025 समय सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है।

"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
भिलाई-चरौदा

कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला-द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

ई-मेल - barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक/961/लो.नि.शा./न.पं./नि.सू./2024-25 — बारसूर, दिनांक 16/12/2024

-:: मैनुअल पद्धति अंतर्गत निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन/सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. दिनांक 01.07.2020 तथा पी.एच.ई.डी. एस.ओ.आर. 2020 को जारी एवं निविदा दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा प्रपत्र अ में मैनुअल पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 26/12/2024 संध्या 5.00 बजे तक।
02. परीक्षण पश्चात निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 30/12/2024 संध्या 5.00 बजे तक।
03. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय :- 07/01/2025 संध्या 3.00 बजे तक।
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 07/01/2025 संध्या 4.30 बजे।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूरा करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
01.	सार्वजनिक शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य वार्ड क्रमांक 15।	5.39	5000.00	750.00	03 माह
02.	नगर पंचायत कार्यालय भवन के प्रथम तल पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	12.37	9500.00	750.00	03 माह

उपरोक्त कार्यों की निविदा का विवरण/विस्तृत शर्तें/निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.cg.uad.gov.in में एवं एन.आई.सी. जिला कार्यालय के वेबसाईट में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

Email-eekhira-phere@cg.gov.in

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग / सिंगल विलेज नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु निम्नलिखित आनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)
1	15/16.12.2024,162956	विकासखंड छुईखदान के ग्राम गोपालपुर_SVS।	59.93
2	16/16.12.2024,162959	विकासखंड छुईखदान के ग्राम रामपुर _Retro ।	54.52
3	17/16.12.2024,162960	विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम खैरबना _SVS ।	55.74
4	18/16.12.2024,162961	विकासखंड छुईखदान के ग्राम बुन्देली _Retro ।	26.08
5	19/16.12.2024,162962	विकासखंड छुईखदान के ग्राम श्यामपुर _SVS	42.14
6	20/16.12.2024,162963	विकासखंड छुईखदान के ग्राम सुराडबरी_Retro।	43.89
7	21/16.12.2024,162964	विकासखंड छुईखदान के ग्राम उदान _Retro।	36.19

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक-19.12.2024 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 05.01.2025 सांय 5.30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

जी-242504641/4

न्यूज गैलरी

तरेंगा में साहू समाज रंग मंच का हुआ लोकार्पण

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा में जिला पंचायत 15 वे वित्त से निर्माण साहू समाज के रंग मंच का लोकार्पण एवं चक्रधारी समाज के बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्माननीय शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ एवं विशेष अतिथि इंजीनियर के के देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा एवं जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि के द्वारा किया गया इस कार्य से साहू समाज एवं चक्रधारी समाज

के लोगों ने शिवरतन शर्मा एवं कविता कुमलेश देवांगन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंह ठाकुर, महामंत्री पवन वर्मा, सुनील यदु गांव के उपसरपंच दशरथ आडील , दिलीप चक्रधारी, मनोज चक्रधारी, राकेश चक्रधारी,संतोष चक्रधारी, डिगा साहू, टीका साहू, परमेश्वर साहू, छन्नू साहू, प्रेमलाल साहू, परमानंद साहू, रामगुलाल साहू, सचिव रोहित प्रजापति, रोजगार सहायक,जलेश्वर यदु, भोला देवांगन सहित सभी समाज प्रमुख एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सतनाम संदेश देने निकली बाइक रैली

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरु घासीदास बाबा की 268 वी जयंती पर्व के उपलक्ष में 1 दिसंबर से सुबह प्रभात फेरी मिनीमाता से रोजाना निकल रही है वही सतनाम संदेश देने मंगलवार को भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया,जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज के फलित भारती ने बताया कि नगर के सभी वार्ड में बाबा जी का सत्य जय जय

सतनाम कहकर सतनामी समाज के बच्चे नवयुक बुजुर्ग द्वारा प्रभात फेरी में मिनी माता भवन से रोजाना निकाली जा रही है वही 17 दिसंबर को बाइक रैली भी निकाली गई जिसमें समाज की माता बहने पुरुष बच्चे शामिल हुए।रैली की अगुवाई समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे ने की। बाइक रैली मिनीमाता प्रांगण से प्रारंभ कर सतनामी चौक होते हुए सदर बाजार रामसप्ताह, अस्पताल चौक, स्टेशन चौक माता देवालय होते हुए पटपर बस स्टैंड होते वापस मिनीमाता में बाइक रैली का समापन हुआ ।बाइक रैली में मोहन बांधे फलित भारती एमडी लहरे योगेश आनंद शिव आनंद बंटी टंडन गोवर्धन डहरिया सहित समाज के लोग शामिल हुए।

गिरोधपुरी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस ने की पार्किंग व्यवस्था

भाटापारा/नवप्रदेश। गिरोधपुरी मेला में आने वाले भक्तों के लिए जिला यातायात पुलिस द्वारा मेला स्थल के समुचित यातायात पार्किंग व्यवस्था की गई है। यातायात डी एस पी अमृत कुजूर ने बताया कि मडवा चौक से आने वाले समस्त वाहन मेन गेट के पहले क्काश्र्व तिराहा के पास और हेलीपैड के पास पार्किंग करेंगे ।महकोनी जाने वाले हेलीपैड से होते हुए जैतखाम के पीछे से होकर जा सकते हैं।वही छाता पहाड़ जाने वाले छाता पहाड़ तिराहा, जोक नदी, अर्जुनी बैरियर होते हुए महाराजी, पुराना रेस्ट हाउस के पास ट्रैक्टर, बस और पिकअप वाहन पार्किंग करेंगे ।इसके अलावा छाता पहाड़ जाने के लिए चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल छाता पहाड़ के पास पार्किंग में वाहन पार्किंग कर दर्शन के लिए पैदल जाएंगे।श्री कुजूर ने बताया कि समस्त शासकीय वाहनों की पार्किंग पुलिस चौकी के पीछे पार्किंग स्थल में होगी वही उन्होंने

बीएम और चार बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

डेड हो चुके खातों से निकालते थे पैसा

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला बैंक में बंद हो चुके खातों से पैसों को निकाले जाने की घटना सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ में स्टेट बैंक आफ इंडिया में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने उन बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया है जो डेड हो चुके बैंक खातों से पैसे निकाल लिया करते थे। पुलिस ने ब्रांच अफसर सहित चार बैंककर्मियों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा कबीरधाम में हुआ है, जिसके बाद अब अन्य बैंकों में भी जांच शुरू हो सकती है। कवर्धा एसपी धर्मेंद्र सिंह ने इस मामले में स्टेट बैंक आफ इंडिया के शीर्ष अधिकारियों से बातचीत की है। कवर्धा पुलिस की एसबीआई बैंक के अफसरों पर की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। इन अधिकारियों पर आरोप है कि उनके ब्रांच में मृतक लोगों के खाते जो वर्षों से बंद पड़े थे ,उन खातो को एक्टिवेट करा कर उस खाते से लाखों रुपए निकाल लिए।

इधर काफी दिनों बाद जब खातेदार के रिश्तेदार बैंक गए, तब उन्हें पता चला कि उनके परिजन के खातों से राशि निकाल ली गई है।

इस संबंध में पुलिस में शिकायत की तब पुलिस के तहकीकात से पता चला कि जो बैंक खाता सालों से बंद पड़े रहते हैं, तो उसकी राशि आरबीआई के पास चली जाती है। जिसके बाद बैंक के अधिकारी चालाकी से उसे खाते को पुनः एक्टिव कर कर उसमें की राशि आहरण कर लेते थे, पुलिस ने ऐसे कृत्य से जुड़े एसबीआई बैंक के तत्कालीन चार अधिकारियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया है।

आज मड़ई मेला का आयोजन बिजरडीह में

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम बिजरडीह में मड़ई मेला का आयोजन आज बुधवार को किया गया है । मड़ई का आयोजन पूर्वजों के द्वारा किया जाता रहा है कोरोना काल के बाद से मड़ई होना बंद हो गया था, जिसे अपने रीति रिवाज को पुनः जीवित रखने के लिए आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के आयोजक गण अध्यक्ष बैजनाथ यदु, उपाध्यक्ष बावन लाल यदु व सचिव परसराम यदु है उक्त कार्यक्रम की जानकारी नेतराम यदु व विजय यदु द्वारा दी गयी ।

विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। । विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 18 दिसम्बर 2024 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 18 दिसम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे से दोपहर 2.45 बजे तक राजनांदगांव शहर के पेण्ड्री में गुरूघासी दास जयंती सतनाम भवन का लोकार्पण कार्यक्रम एवं शाम 4.15 बजे शाम 4.30 बजे राजनांदगांव शहर के नंदई चौक में गुरूघासी दास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे।

भाजपा सरकार ने सभी वर्गो का विश्वास जीता

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि अब की बार नगरी निकाय अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष तरीके से किए जाएंगे जिस पर हर्ष जताते हुए एवं जनता की जीत कहते हुए पार्षद सभापति एवं पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के छात्र संघ सचिव वंश गोपाल सिन्हा ने कहा कि जब सरकार को जनता पर भरोसा नहीं होता है तब वह अप्रत्यक्ष करती है जैसे कांग्रेस से कराया फिर भी अधिकतर भाजपा के अध्यक्ष बने और जब जनता पर भरोसा हो जाता है कि वह वर्तमान सरकार के कार्यों को पसंद कर रही है इसलिए चुनाव प्रत्यक्ष होता हैं जैसे भाजपा कराते आ रही है और वर्तमान में होने? वाले चुनाव में जनता को अपने अध्यक्ष चुनने का अधिकार वापस दिया भाजपा द्वारा प्रत्यक्ष चुनाव कराया जाना यह दर्शाता है कि भाजपा के सरकार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विष्णु देव साय जी के साथ नगरी निकाय चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री नगरी प्रशासन मंत्री अरूण साव जी ने शहरी क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हो रहे हैं चाहे हम बात करें प्रधानमंत्री आवास योजना की या महतारी वंदन योजना की भाजपा सरकार ने सभी वर्गो का विश्वास जीता है।

चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने चार बूथ अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पूरी की

■ **बसंतपुर शीतला मंदिर में हुई बैठक**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी चुनाव महापर्व अभियान के तहत अपने मिशन में युद्ध स्तर पर जुट चुकी है। शक्ति केंद्र क्रमांक 9 के चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने बताया कि प्रक्रिया के तहत 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न करने हेतु मंडलों में जितने भी बूथ है सभी के चुनाव संपन्न करने हेतु बूथ अध्यक्षों की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। इसी तारतम्य में चुनाव अधिकारी कमल सोनी ने वार्ड क्रमांक 42 व 46 में चुनाव प्रक्रिया का पालन करते हुए फॉर्म ग् के तहत प्रस्तावक एवं सहमति का पूर्ण रूप से पालन करते हुए बूथ क्रमांक 51 में आजूराम साहू की बूथ अध्यक्ष के रूप में घोषणा की गई। इसी तरह से बूथ क्रमांक 54 में विजय देवांगन, बूथ क्रमांक 53 में शिव साहू एवं बूथ क्रमांक 55 में टिकेश्वर सिंह ठाकुर अध्यक्ष बनाए गए।

बैठक शीतला मंदिर बसंतपुर में रखी गई थी। जिसमें प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, पूर्व पार्षद हेमंत शेखर यादव, राजेश यादव प्रवीण यादव, शिव कुमार, रामेश्वर यादव, टिलेश्वर ठाकूर, तीरथ साहू, धनेश कुमार यादव, अजनू साहू, खिलेन्द्र कुमार सेन, बिजय देवांगन, राजा साहू, नरेन्द्र यादव, संतोष यादव, सोमश कुमार साहू, मेमदास साहू, , लता देवांगन, संतोषी देवांगन, मोतिम मंडावी, अमरौतिन यादव, पार्वती साहू, सुनील कुमार उइके, उमेश मेश्राम, हेमू राम सेन, सुनील, मोहन सिंह, नरेश सारथी, मयंक, रामशरण गुप्त, सालिक यादव आदि बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

साजा क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिए 64 लाख की स्वीकृति

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा साजा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिलें साजा विकासखण्ड के विभिन्न गावों में विकास कार्यो के लिए 64 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। अरुण साव उपमुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री बेमेतरा एवं ईश्वर साहू विधायक साजा द्वारा अनुशंसित जिला बेमेतरा की अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी हैं। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड साजा के ग्राम व ग्राम पंचायत खुरूसबोड़ में मेन रोड से तालाब तक सीसी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत रानो के आश्रित ग्राम मुड़िया में जितेश के घर से धनउ के घर तक सीसी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत कामकावाड़ा के गौठान में आरसीसी. निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपये, ग्राम कारेसरा के पूर्व मा. शाला प्रांगण में सास्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम हाड़ाहुली में सीसी. रोड़ निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बिरनपुर के आश्रित ग्राम चोरभट्ठी में मंच निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपये, ग्राम जानो में मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम बिरनपुर में शक्ति मंदिर के पास आहाता निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपये, आदि स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

मनोकामना पूर्ण ईशर गवरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं गवरा दाई महिला सेवा समिति जिला बलौदाबाजार भाटापारा के तत्वावधान में परमश्रद्धेय गोंडवाना गुरुदेव दुर्गेभगत गुरुमाता दुर्गे दुलेश्वरी के सानिध्य तथा आशीर्वाद से अगहन पूर्णिमा के विशेष पावन पर्व में जिला स्तरीय पूर्ण ईशर गवरा महोत्सव रावन भाटा मैदान भाटापारा में बड़े धूमधाम से मनाया गया।

गोडियन समाज द्वारा लुप्त होते धर्म संस्कृति रीति नीति परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा शक्ति जागरण के रूप में पूर्ण रात जागरण कर ईशर गवरा के पूर्ण विवाह संपूर्ण रीति रिवाज के मनाया गया। तथा समाज में फैले भय और भ्रम को

मिटाते हुए शिक्षित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा समाज स्वावलंबी बनाने प्रेरित किया गया। समाज में फैले नशा पान को दूर कर अपने समाज को शिक्षित बनने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोंडवाना गुरू माता दुर्गे दुलेश्वरी सिदार, अध्यक्षता अनुसूईया नेताम, विशिष्ट अतिथि के रूप में इन्द्र साव विधायक , गणेश ध्रुव सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग, सतीश अग्रवाल कांग्रेस नेता,बंशीलाल नेताम अध्यक्ष मावली महासभा, रमेश कुमार मंडावी सीईओ जनपद पंचायत बिछिया मध्य प्रदेश, श्रीमती वंदना मंडावी सदस्य महिला आयोग, विशेष अतिथि के रूप में कृपा राम जगत प्रवक्ता मावली महासभा, नरेश नेताम चक अध्यक्ष लेवई, दौलत कुंजाम चक अध्यक्ष टोनाटार, संतराम नेताम चक अध्यक्ष मोपका,गों ध सं सं समिति छ ग गों संघ एवं गवरा दाई महिला सेवा समिति से सिया मंडावी संरक्षक,लच्छन मरकाम संयोजक, चन्द्रभान नेताम अध्यक्ष,आर के कुंजाम प्रांतिय महासचिव, गौकरण सिंह कुंजाम कोषाध्यक्ष, सोनऊ ध्रुवे उपस्थित थे।

बह रही विकास की गंगा ... आने वाले समय में मंगरलोड क्षेत्र में विकास की अनेक संभावनाएं

भाजपा के डबल इंजन की सरकार में हो रहा विकास : मोहन मंडावी

■ **आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को विजयी दिलाना है**

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी वार्ड क्रमांक 8 में सांसद निधि से नवनिर्मित टीना शेड निर्माण लोकार्पण में पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर मोहन मंडावी मुख्यअतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष विजय यदु की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल प्रभारी एवं जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा,जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा,वार्ड क्रमांक 8 पार्षद दुर्गा साहू, पार्षद झमित सिन्हा,महामंत्री रामायण सिन्हा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के आसंदी से पूर्व सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार में निरंतर विकास हो रहा है,आने वाले समय में मंगरलोड क्षेत्र में विकास की अनेक

संभावनाएं हैं। धमतरी से नगरी बांसकोट कोंडागांव जगदलपुर तक रेल लाइन के लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किया गया और भविष्य में भी इस संबंध में प्रयासरत रहूंगा रेल मंत्री द्वारा सर्वे की स्वीकृति दी गई जिसके तहत रेलवे मंत्रालय द्वारा सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र में सप्त ऋषियों का आश्रम है इसका भी समुचित विकास कर नगरी सिहावा क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप स्थापित किया जाना चाहिए। विशेष अतिथि राजेंद्र गोलछा ने कहा कि आप लोगों ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में नगर पंचायत के सभी बुथों में भारतीय जनता पार्टी को भरपूर समर्थन प्रदान किया आगामी नगर पंचायत चुनाव में भी आप लोग भाजपा को समर्थन देकर विजयी बनावें। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है नगर पंचायत क्षेत्र में भी भाजपा की सरकार बनाना है।नगर पंचायत मंगरलोड में भाजपा की सरकार बना कर यहां के विकास को गति देना है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष विजय यदु,नेता प्रतिपक्ष दुर्गा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू साहू,नरेश सिन्हा,विमल ध्रुव,ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी सिन्हा, जनपद सदस्य हीरामन ध्रुव,सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव, डीहू राम साहू, दिलीप सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष टीकम साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू, महिला मोर्चा महामंत्री भानुप्रिया साहू, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मुरली सिन्हा, सुरेश चेलक, गजेन्द्र साहू , अशोक साहू, हितेशवरी साहू, विमल ध्रुव, अश्वनी साहू, सहित भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I SULTANA BEGAM w/o ALIMUDDIN KURAISHI, Resident of Gandhi Chowk, opp Manmohan Hotel, Durg (C.G.)-491001. have change my old name SULTANA BEGAM w/o ALIMUDDIN KURAISHI so in future he should be recognized by my new name that is SULTANA KURAISHI, w/o ALIMUDDIN KURAISHI, in all goverment and other documents.

SULTANA KURAISHI w/o ALIMUDDIN KURAISHI, Gandhi Chowk, opp Manmohan Hotel, Durg (C.G.)-491001 Mo.-88390-73003

NAME CHANGE

It is informed to the general public I FARHAN QURESHI S/O- ALIMUDDIN KURAISHI, Resident of Gandhi Chowk, opp Manmohan Hotel, Durg (C.G.)-491001. have change my old name FARHAN QURESHI S/O- ALIMUDDIN KURAISHI, so in future he should be recognized by my new name that is FARHAN KURAISHI S/O- ALIMUDDIN KURAISHI, in all goverment and other documents.

FARHAN KURAISHI s/o ALIMUDDIN KURAISHI, Gandhi Chowk, opp Manmohan Hotel, Durg (C.G.)-491001 Mo.-86024-27060

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुल्ताना बेगम (SULTANA BEGAM) पति अलीमुद्दीन कुरैशी (ALIMUDDIN KURAISHI) निवासी गांधी चौक, मनमोहन होटल के सामने दुर्ग (छ.ग.)-491001, जिला दुर्ग यह शपथ करती हूँ कि मैने अपने पुराने नाम सुल्ताना बेगम (SULTANA BEGAM) को त्याग कर नया नाम सुल्ताना कुरैशी (SULTANA KURAISHI) पति अलीमुद्दीन कुरैशी (ALIMUDDIN KURAISHI) रख ली हूँ। अत: मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम सुल्ताना कुरैशी (SULTANA KURAISHI) पति अलीमुद्दीन कुरैशी (ALIMUDDIN KURAISHI) से जाना व पहचाना जावे। यही मेरा शपथ पूर्वक कथन है।

आवेदिका
सुल्ताना कुरैशी
पति अलीमुद्दीन कुरैशी
निवासी गांधी चौक, मनमोहन होटल के सामने दुर्ग (छ.ग.) 491001,
मो.नं.-88390-73003

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै फरहान कुरैशी (FARHAN QURESHI) पिता अलीमुद्दीन कुरैशी (ALIMUDDIN KURAISHI) निवासी गांधी चौक, मनमोहन होटल के सामने दुर्ग (छ.ग.) 491001, जिला दुर्ग यह शपथ करता हूँ कि मैने पुराना नाम फरहान कुरैशी (FARHAN QURESHI) पिता अलीमुद्दीन कुरैशी (ALIMUDDIN KURAISHI) को त्याग कर नया नाम फरहान कुरैशी (FARHAN KURAISHI) पिता अलीमुद्दीन कुरैशी (ALIMUDDIN KURAISHI) रख लिया हूँ। अत: मुझे मेरे नये नाम फरहान कुरैशी (FARHAN KURAISHI) जाना व पहचाना जाये। मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम फरहान कुरैशी (FARHAN KURAISHI) दर्ज करा लिया है। यही मेरा शपथपूर्वक कथन है।

आवेदक
फरहान कुरैशी
पिता अलीमुद्दीन कुरैशी
निवासी गांधी चौक, मनमोहन होटल के सामने दुर्ग (छ.ग.)
491001, मो.नं.-88390-73003

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम लक्ष्मी तिवारी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
20241210040019З/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका लक्ष्मी तिवारी आ./पति श्री रविन्द्र कुमार तिवारी निवासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	537/3	0.0330 हें 3488 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री राम साहनी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400010/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री राम साहनी आ./पति श्री सुदर्शन साहनी निवासी वार्ड 22 शारदा पारा भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खेदामारा प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	740/9	0.015 हें 1592 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम टेकेश्वर प्रसाद साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400190/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका टेकेश्वर प्रसाद साहू आ./पति श्री चन्द्रकुमार निवासी परसाही खपरी बालोद तह.व जिला बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	60/37	0.0180 हें 2000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रंजीता | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400191/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रंजीता आ./पति श्री विश्वकर्मा प्रसाद निवासी शांतिनगर डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	60/14	0.0160 हें 1767 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री रंजीत कुमार सिंह | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400248/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री रंजीत कुमार सिंह आ./पति श्री सुगंदी प्रसाद सिंह निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	783/217	0.100 हें 10700 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती सुकन्या विशाल अन्य.1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400242/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुकन्या विश्ला आ./पति श्री विशाल कुमार व अन्य 01 निवासी शांतिनगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	8764/7	0.0200 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती सुधा मिश्रा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202412100400011/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुधा मिश्रा आ./पति श्री अजय मिश्रा निवासी शांतिनगर सुपेला भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1607/66	0.020 हें 1744 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

कर्मचारियों के डाटा अपडेशन करने पत्र जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने सर्व आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पत्र जारी कर 24 दिसम्बर तक कार्मिक सम्पदा में कर्मचारियों के डाटा अपडेशन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए वेतन देयक के साथ प्रमाण पत्र भी आवश्यक रूप से संलग्न कर अपडेशन की प्रक्रिया पूर्ण करने कहा है। प्रमाण पत्र के अभाव में वेतन देयक कोषालय में स्वीकार नहीं किया जावेगा।

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आवेदन 23 तक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (बी) के समान छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जिला बिलासपुर में कराने हेतु निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को प्रशिक्षण कराने के लिए आवेदन पत्र आवेदन किया गया है। आवेदन पत्र 23 दिसम्बर 2024 सायं 04:00 बजे तक संभागीय मुख्यालय के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल कलेक्ट्रेट कैम्पस अम्बिकापुर जिला सरगुजा जमा कर सकते हैं।

पोषण सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय उप संचालक कृषि के सभाकक्ष में चिराग परियोजना अंतर्गत पोषण सखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि विकासखण्ड मुंगेली के चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिए 40 महिलाओं का चयन किया गया है। तकनीकी सहयोगी संस्था पीण्सीण्आईण् के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण में चिराग परियोजना के उद्देश्य एवं घटक के बारे में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेश्वर साहू ने खाद्य प्रणालीए खेती में विविधता के लाभए पोषण बाड़ी पर ध्यान देने एवं जंगल और प्राकृतिक स्त्रोतों से भोजन की उपलब्धता पर प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर वर्षा सिंह ने कुपोषण व उससे होने वाले दुष्प्रभावए बचाव एवं सावधानी के संबंध में बताया। इस दौरान कृषि विभाग के सहायक संचालक सुमान सिंह पैकराए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीपी कोशले पोषण विशेषज्ञ रायपुर श्वेता ताम्रकार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला प्रशासन ने शुरू की अरपा उद्गम पेंड्रा के संरक्षण के लिए जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई

पर्यटन एवं तीर्थ स्थल के रूप में विकसित होगा पेंड्रा का अरपा उद्गम स्थल

■ **18 माह में जमीन अधिग्रहण पूरी का राज्य शासन ने दिया है हाई कोर्ट को शपथ पत्र**

पेंड्रा/नवप्रदेश। 8 साल के लंबे संघर्ष एवं छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब पेंड्रा स्थित अरपा उद्गम के दिन बहुरने जा रहे हैं। अभिभाजित बिलासपुर जिले की जीवनदायिनी अरपा नदी के पेंड्रा स्थित उद्गम के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन ने भूमि अर्जुन की कार्यवाही शुरू की है तथा इसके लिए आगामी 19 दिसंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे नगर पंचायत परिषद पेंड्रा में जनसुनवाई निश्चित की है। इस जनसुनवाई के बाद अरपा उद्गम के विकास एवं जल कुंड निर्माण के लिए 5 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया जाएगा तथा वहां पर विकास के कार्य होंगे। इस कार्य से जहां अरपा उद्गम का विकास एवं अरपा उद्गम में जल कुंड के निर्माण कार्य से पेंड्रा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा वही भूजल स्तर में बढ़ोतरी होगी साथ में वहां पर्यटन एवं तीर्थ विकसित होने से लोगों को रोजगार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में अरपा उद्गम पेंड्रा स्थित भूमि को पाटे जाने के बाद पेंड्रा नगर के नागरिकों ने अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के तत्वाधान एवं बिलासा कला मंच बिलासपुर के अरपा बचाओ अभियान के माध्यम से अरपा उद्गम सहित पूरी अरपा नदी को बचाने के लिए संघर्ष एवं जन आंदोलन प्रारंभ किया था। इसी के साथ अरपा उद्गम पेंड्रा के संरक्षण को लेकर बिलासपुर के अधिवक्ता अरविंद पांडे एवं पेंड्रा के सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास संरक्षक अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा ने हाई कोर्ट छग बिलासपुर में जनहित याचिका दायर की थी। अरपा उद्गम पेंड्रा सहित पूरी अरपा नदी के संरक्षण को लेकर दायर की गई याचिका को लेकर हाईकोर्ट बिलासपुर बेहद संवेदनशीलता के साथ लगातार सुनवाई करते हुए राज्य शासन को लगातार दिशा निर्देश दे रही थी तथा इसके लिए समय सीमा निर्धारित कर राज्य शासन को कार्य योजना बनाकर काम करने का निर्देश दिया था। छग़ हाई कोर्ट के निर्देश के बाद राज शासन इस मामले में कार्यवाही करते हुए अरपा उद्गम के संरक्षण के लिए 5 एकड़ निजी जमीन एवं 5 एकड़ शासकीय भूमि के अधिग्रहण का शपथ पत्र देते हुए कार्यवाही करने की बात कही थी।

जनसुनवाई के लिए कलेक्टर ने किया दल का गठन

हाई कोर्ट में दिए शपथ पत्र के अनुसार राज्य शासन ने अरपा उद्गम के संरक्षण के लिए तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। इसी के तहत गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की कलेक्टर मंडावी मैं भू अर्जन के लिए 12 दिसंबर 2024 को एक आदेश जारी कर अनविभागीय अधिकारी राजस्व पेंड्रा रोड जो पुनर्वास प्रशंसक हैं के मार्गदर्शन में सामाजिक समघात निर्धारण संबंधी कार्यवाही करने की समय सीमा निश्चित करते हुए भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर व्यवस्थापन मैं उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 सामाजिक समघातनिर्धारण सहमति तथा जनसुनवाई नियम 2018 का क्रियान्वयन हेतु नियमों का निर्माण के संबंध में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा अरपा उद्गम स्थल का विकास एवं जल कुंड का निर्माण कार्य योजना हेतु नपा परिषद पेंड्रा स्थित निजी भूमि में से 5 एकड़ भूमि का अधिग्रहण प्रस्ताव में सामाजिक समाघाट का निर्धारण हेतु दल का गठन किया है

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो और छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष तोमर ने जनादेश परब की दी शुभकामनाएं

सरकार बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के सूत्र पर काम कर रही: टोप्पो

■ **शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया गया जनादेश परब**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर सोमवार को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर में जनादेश परब एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल सीतापुर विधायक श्री टोप्पो ने कॉलेज के छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार को एक साल पूरा हुआ है। मुख्यमंत्री श्री साय के मार्गदर्शन में सरकार बहुजन हिताय बहुजन सुखाय

के सूत्र पर काम कर रही है। इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज किए जाने की बहुप्रतीक्षित मांग को मुख्यमंत्री पूरा किया है। जिससे अब कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को शासन की योजना का लाभ मिलेगा। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संभाग का एकलौता इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर है जहां पूरे संभाग से बच्चे अपना भविष्य संवारने आते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के सुशासन में छात्रों के सहयोग और जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयास के बदौलत हमारी मांग पूरी हुई है। इसके लिए उन्होंने सभी युवाओं की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि अनिल सिंह मेजर, आलोक दुबे, संतोष दास, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल एवं प्रीति भोसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। आयोजन में इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर के प्राचार्य डॉ आर एन खरे ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों को बड़ी सौगात दी है। अब यह कॉलेज शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर के नाम से जाना जाएगा। यहां पढ़ने वाले बच्चों को शासकीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल पूरे होने पर पूरा प्रदेश जनादेश परब मना रहा है, इसी कड़ी में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बिकापुर में 13 से 17 दिसंबर तक अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अब तक कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा बाइक रैली, रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई है। ग्राम पंचायत डिगमा में जनभागीदारी के साथ श्रमदान एवं खेलकूद कार्यक्रम किए गए। इसी कड़ी में आगामी 17 दिसम्बर को स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन और भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन और भंडारण पर बड़ी कार्रवाई की गई है। परिवहन, खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त दल द्वारा 13 हाइवा को जब्त कर 09 लाख 61 हजार रूपए से अधिक का अर्थदण्ड वसूली की गई है। कलेक्टर ने कहा है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खननए परिवहन और भंडारण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर हाइवा क्र सीजी 28 जे 7555ए सीजी 28 पी 0540 सीजी 28 जे 4772 सीजी 28 एन 7310 सीजी 28 एन 8279 सीजी 28 आर 5750 सीजी 09 जेपी 6780 सीजी 28 आर 7925 सीजी 09 जेएन 7672 सीजी 28 क्यू 9001ए सीजी 28 एन 9002ए सीजी 28 क्यू 2721 और सीजी 28 पी 1028 को जब्त कर संबंधित के विरूद्ध 05 लाख 33 हजार का अर्थदण्ड लगाया है। इसी तरह खनिज विभाग द्वारा उक्त 13 वाहनों पर शासन के नियमानुसार 04 लाख 28 हजार 578 रूपए का अर्थदण्ड लगाया है। दोनों विभाग द्वारा कुल 09 लाख 61 हजार 578 रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। बता दें कि 10 दिसंबर को संयुक्त दल द्वारा रायपुर रोड बायपास मुंगेली में 05 हाइवा में गिट्टी एवं 08 हाइवा में रेत का अवैध परिवहन करते 13 हाइवा को जप्त किया गया था और वाहन चालकों द्वारा परिवहन संबंधी अनुमति पत्र रायल्टी या कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर हाइवा को जब्त कर पुलिस लाइन लालाकापा रक्षित निरीक्षक के सुपुर्द किया गया था।

कलेक्टर ने स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने मंगलवार को प्रशासनिक अमले के साथ उदयपुर और लखनपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण और मुख्यमंत्री अन्न कोष योजना के तहत पहाड़ी कोरवा बसाहटों में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं से मुलाकात की। कलेक्टर भोसकर ने लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत धान खरीदी केंद्र मेंड्राकला, पुहपुटरा, लोसगा, कुन्नी और उदयपुर के केदमा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने धान बेचने आए किसानों से सीधे बात की और धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं पर फीडबैक लिया। किसानों ने कलेक्टर के समक्ष सभी व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भोसकर ने किसानों को माइक्रो एटीएम का इस्तेमाल करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई है जिससे एक किसान प्रतिदिन 10 हजार रुपए तक निकल सकता है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का लाभ आवश्यकता अनुरूप जरूर उठाएं।

उन्होंने किसानों के समक्ष इसकी प्रक्रिया भी करके दिखाई। जिले के पायलट प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री अन्न कोष योजना का जायजा लेने कलेक्टर भोसकर फील्ड में पहुंचे। उदयपुर के खर्रा नगर में पहाड़ी कोरवा महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें अन्न कोष योजना की जानकारी दी और अतिरिक्त पोषण आहार भी वितरित किया। कलेक्टर भोसकर ने महिलाओं से अपील की कि वे गंभीरता से इस अभिनव में प्रशासन का सहयोग करें और स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें जिससे वे एवं शिशु दोनों ही स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें। इसी तरह कलेक्टर ने प्रशासनिक टीम के साथ शासकीय प्राथमिक शाला बंधा, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास कुन्नी एवं अरगोती तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुन्नी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बालक छात्रावास केदमा में बच्चों के साथ बैठ भोजन किया और अतिरिक्त कक्ष की मांग संज्ञान में आने पर यहां दो अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम उदयपुर बनसिंह नेताम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा, सहित जिला स्तरीय एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

निधन
मिथिला देवांगन

मुंगेली/नवप्रदेश। बड़ा बाजार सुभाष वार्ड निवासी मिथिला देवांगन पति राजेन्द्र प्रसाद देवांगन उम्र 72 वर्ष का 16 दिसम्बर सोमवार को दोपहर में निधन हो गया। वे मनोजए विनोद प्रमोद अशोक धर्मेंद्र लताए आशा एवं उषा देवांगन की मां थी। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसम्बर को किया गया।

मितानिनों को उनकी सेवाओं के लिए किया गया सम्मानित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनादेश परब के तहत गोधनपुर में मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन पर आयोजित उक्त मितानिन सम्मेलन में शहरी क्षेत्र नगर निगम अम्बिकापुर से 05 मितानिनों को प्रशस्ति पत्र एवं सभी मितानिन प्रशिक्षकों को श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि आलोक दुबे ने मितानिन दीदीओं की सेवाभावना व बच्चे, महिलाओं, बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति समर्पण तथा समय-समय पर देखभाल की प्रशंसा की। इसी तरह

कार्यक्रम में शामिल गणमान्य नागरिक करताराम गुप्ता ने भी मितानिनों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में जफर खान भी उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नावापारा डॉ. शीला नेताम, गोधनपुर संस्था प्रभारी डॉ. प्रतिभा मिश्रा, धनेश प्रताप सिंह एवं अनिल पाण्डेय शहरी सुपरवाईजर, स्वास्थ्य संस्था गोधनपुर के समस्त कर्मचारी, मितानिन एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

संविदा भर्ती के लिए चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कल

बलरामपुर/नवप्रदेश। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के अंतर्गत संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु 07 व 08 दिसंबर को आयोजित लिखित/कौशल परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों का उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण एवं वरीयता सूची प्रकाशित करने उपरांत खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, ए.एन.एम., ए.एन.एम. आरबीएसके, चिकित्सा अधिकारी-आरबीएसके (पुरुष), चिकित्सा अधिकारी-आरबीएसके (महिला), क्लिनर एसएनसीयू, ओ.टी. टेक्निशियन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संगवारी, फिजियोथेरापिस्ट-एनएचएम, आया बाई, सचिविक सहायक-टीकाकरण, सिक्योरिटी गार्ड, लैब टेक्नीशियन एनएचएम, लैब टेक्नीशियन-डीपीएचएल, नर्सिंग ऑफिसर-एनएचएम/आईसीयू, स्टाफ नर्स-एसएनसीयू, नर्सिंग ऑफिसर-आईसीयू, कनिष्ठ सचिविक सहायक एनएचएम, लैब सुपरवाइजर-एसटीएलएस, नर्सिंग ऑफिसर-एनएमएचपी, सचिविक सहायक-एसएनसीयू, आयुष चिकित्सा अधिकारी-एनएचएम, लैब असिस्टेंट-एनआईडीडीसीपी, काउंसलर-एनएचएम, स्टाफ नर्स-यूएचडब्ल्यूसी, पुरुष कार्यकर्ता-यूएचडब्ल्यूसी, कनिष्ठ सचिविक सहायक-यूएचडब्ल्यूसी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी-यूएचडब्ल्यूसी के अभ्यर्थियों का चयन एवं प्रतीक्षा सूची प्रकाशित की जा रही है। जिसमें सिर्फ चयनीत अभ्यर्थियों का मूल दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग 19 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलरामपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया जायेगा। उपरोक्त पदों के चयनीत अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समयानुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेज में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर विज्ञापन में उल्लेखित कंडिका क्रमांक 35 एवं 36 के अनुसार अथवा पद रिक्त होने पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जायेगा, जिसके लिए पृथक से जानकारी प्रदान की जायेगी। चयनीत अथवा प्रतीक्षा सूची की विस्तृत जानकारी जिला बलरामपुर के वेबसाईट बलरामपुर डॉट जीओव्ही डॉट ईन एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

योजना | सरकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने शासन प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास के सपने हो रहे पूरे

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जिले में गरीब आदिवासी परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनके सामाजिक और आर्थिक विकास में सहयोग प्रदान कर उन्हे विकास के पथ पर अग्रसर करना है। मुख्यमंत्री श्री साय के शासन काल में आदिवासी बसाहटों में विकास की पहल तेज हुई है। जहां आदिवासी लोगों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों का नतीजा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आदिवासी परिवारों को शासन की योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आदि महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इन्हीं योजनाओं से लाभान्वित श्री प्रेमसाय पक्के आवास के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। वे बताते हैं जिले के विकासखण्ड राजपुर के ग्राम पंचायत अमदरी के निवासी है। पक्के मकान से पहले वो मिट्टी से बनाए गए मकान में रहने को मजबूर थे। मिट्टी से बने घर में उन्हें काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा था। आगे वे बताते हैं कि खेती और मजदूरी कर वह अपना जीवन यापन करते हैं। ऐसे में घर बनाने के लिए असहाय थे। तब शासन के द्वारा

पक्का आवास मिला। श्री प्रेमसाय ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की योजना से हुए परिवर्तन के बारे में बताया कि आज उनका खुद का पक्का आवास है। वे कहते हैं हम जैसे आदिवासी जनजातियों के लिए प्रधानमंत्री संवेदनशीलता दिखाते हुए प्राथमिकता से कार्य कर रहे हैं। प्रेमसाय के पास आज आधार कार्ड भी है जिसके माध्यम से अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने में सक्षम है। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही शासन की अन्य योजनाओं के तहत उनके परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और बैंक खाते भी बनाए गए। प्रेमसाय की पत्नी को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1000 रुपये भी मिल रहा है। प्रेमसाय ने बताया कि योजना ने केवल उन्हें एक घर नहीं दिया, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित किया है। श्री प्रेमसाय और उसकी पत्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

धान उठाव नहीं करने पर दो राइस मिलरों पर कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। उपार्जन केंद्रों से धान उठाव नहीं करने पर जिले के दो राइस मिलर्स के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इनमें आस्था राइस मिल एवं आलोक राइस मिल बरेला का नाम शामिल है। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों से खरीदे गए धान का उठाव के लिए 59 राइस मिलर्स का पंजीयन हो चुका है। वहीं 30 मिलर्स द्वारा अब तक 02 लाख 74 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में 14 नवंबर से सुव्यवस्थित रूप से धान खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों से धान उठाव कार्य जारी है। जिले में अब तक 19 लाख 89 हजार क्विंटल धान का खरीदी किया जा चुका है। वहीं 02 लाख 86 हजार क्विंटल से अधिक धान के उठाव हेतु डीओ और 02 लाख 85 हजार क्विंटल से अधिक धान के उठाव हेतु टीओ जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक खरीदे गए धान के विरुद्ध कुल 05 लाख 72 हजार क्विंटल धान का डीओ और टीओ कट चुका है।

न्यूज गैलरी

गुरुघासीदास बाबा का 268वां जन्मोत्सव हरदीभाठा में आज

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम हरदीभाठा में प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष भी महान संत शिरोमणि परम् पूज्य गुरुघासीदास बाबा जी का 268वा जन्मोत्सव एवं जोड़ा जयस्तंभ की पालो चढ़ाया जाएगा दिनांक 18/12/2024 दिन ङ्कबुधवार को तथा रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यकम जय महावीर छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच ग्राम-आरंड जिला-महासमुंद की अनुपम प्रस्तुति का आयोजन होगा जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अम्बिका मरकाम अध्यक्षता विष्णु टडन विशेष अतिथि सरपंच मुनेद्र धुव एवं इतवारी सोनवानी धनेश कुमार बेर रामेश्वरी भड़ारी रेखराज निषाद समस्त, ग्रामवासी के उपस्थिति में संपन्न होगा

जिला स्तरीय युवा उत्सव में खैरागढ़ विकासखंड ने मारी बाजी

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित कन्या शाला परिसर में आयोजित एकदिवसीय जिलास्तरीय युवा उत्सव में लोकगीतों, छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी। एकदिवसीय आयोजन में जिले भर के विभिन्न जोन और तहसीलों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। युवा उत्सव में अंतिम परिणाम के बाद लोकगीत एकल में केशर मानिकपुरी छूईखदान प्रथम, ईशा बघेल खैरागढ़ दूसरे, एकल नृत्य मे हर्ष खैरागढ़ प्रथम, समूह गीत में समया एवं टीम खैरागढ़ प्रथम, संदीप एवं टीम छूईखदान दूसरे, सामूहिक नृत्य मे परमानंद एवं साथी खैरागढ़ प्रथम, रामखिलावन एवं साथी छूईखदान दूसरे, कविता में खैरागढ़ के समीर प्रथम, तात्कालिक भाषण में खैरागढ़ की तामेश्वरी साहू प्रथम, कहानी लेखन में खैरागढ़ की मनीषा साहू पहले और छूईखदान की हिनेश पटेल दूसरे, चित्रकला में खैरागढ़ के भोजराम पहले, छूईखदान के कुलेश्वर झारिया दूसरे, राकबैंड मे खैरागढ़ के राघव एवं साथी प्रहले विज्ञान मेला में खैरागढ़ विकासखंड प्रथम स्थान पर रहा।

भाजपा मंडल नगरी का निर्वाचन आज

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी की मंडल अध्यक्ष निर्वाचन की कार्यवाही 18 दिसंबर बुधवार को संपन्न होना है। चुनाव संपन्न कराने के लिए विशेष रूप से मंडल निर्वाचन अधिकारी मा. इंदर चंद चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी एवं चुनाव सह अधिकारी रविशंकर दुबे के द्वारा संपन्न कराया जावेगा। उक्त बैठक में भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

पदोन्नत प्रधान पाठक को दी गई विदाई

नगरी/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला थाना पारा सिहावा में पदस्थ श्रीमती पूनम सोनवानी पदोन्नत प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कर्राघाटी को विदाई दिया गया।शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की ओर से श्रीफल एवं साल भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने की प्रकरणों की सुनवाई

थाना प्रभारी सिविल लाइन रायपुर को महिला आयोग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा

- **चालीस लाख धोखाधड़ी के मामले पर आयोग की वजह से अनावेदकगण पर हुआ धारा 420, 406 का अपराध पंजीबद्ध**

धमतरी। छ.ग. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक सहित सदस्यगण श्रीमति सरला कोसरिया, सुश्री दीपिका सोरी एवं श्रीमति ओजस्वी मंडावी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष धमतरी में महिला उत्पीड़न की सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 298 वी. सुनवाई हुई। धमतरी जिला में आज 11 वीं सुनवाई हुई, जिसमें कुल 11 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। आज की सुनवाई के दौरान आवेदिका ने महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक को फोन के माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मामला पूर्व में आवेदिका द्वारा शिकायत किया गया था कि उसके पति की मानसिक स्थिति बीमार होने की वजह से बिखर गया है उसके दो बच्चें भी है। पिछ्ली सुनवाई में महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने पुलिस अधीक्षक धमतरी से टेलीफोनिक चर्चा कर आवेदिका के पति के ईलाज संबंधित निर्देशित किया था, जिसमें महिला सेल धमतरी के सहयोग से आवेदिका के पति को सेंदरी अस्पताल में ईलाज कराने हेतु भर्ती कराया गया था जिसमें वह आज पूर्णतः स्वस्थ होकर परिवार की जिम्मेदारी उठा रहा है। महिला आयोग के सहयोग की वजह से आज एक परिवार फिर से जुड़कर एक नया जीवन जीने की ओर तत्पर है। उभय पक्ष उपस्थित छ.ग. झेरिया गढरिया (धनकर) समाज के अध्यक्ष उपस्थित हुए है। आवेदिका ने बताया कि उन्होने 35 वर्ष पूर्व अंर्तजातिय विवाह किया गया, जिस पर पिछ्ली सुनवाई में अनावेदकगणों ने सामाजिक बैठक की सहमति दिया था जिसमें दिनांक 14 मई 2024 को ग्राम-अहिवारा में समाज की बैठक में आवेदिका और उसके समाज के लोग भी पहुंचे थे किन्तु वहां अनावेदक क्र. 01 एवं 02 के द्वारा सार्वजनिक द्वारा माईक पर आवेदिका के परिवार का मजाक बनाया गया ÷सरकार इन लोगो को 02 लाख देती है, मैं 30 हजार रूपये दूंगा, जो सतनामी जाति से शादी करेगा तुम लोगो मे से कौन शादी करेगा÷ आवेदिका का कथन का समर्थन समाज के अध्यक्ष ने भी किया कि वह सामाजिक नियम के तहत् 2018 के पूर्व विवाह करने वाले को मिलाने के ही बैठक रखे थे जिसमें 30 हजार रूपये देने की बात कही थी और आवेदिका को भरे समाज में लगातार अपमान किया था जो कि जिसके लिए आवेदिका इन दोनो के खिलाफ मान हानि एवं आपराधिक मामला प्रस्तुत कर सकती है। समाज के अध्यक्ष एवं दोनो अनावेदकगणों को माफकरने का प्रस्ताव दिया गया जिस पर अनावेदक क्र. 01 एवं 02 ने दोनों ने हाथ जोड़कर माफी मांगाकि भरे समाज में जो कि आवेदिका का अपमान किया था उसके लिए वह माफी चाहते है और भविष्य में ऐसा कृत्य दोबारा नहीं करेंगे।

ब्लॉक स्तरीय शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों से जांच करा सकेंगे मरीज

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन वर्ष आयोजन के उपलक्ष्य में जिले के सभी ब्लॉक के निवासियों तक विशेषज्ञ डॉक्टरों के परामर्श की सेवा निःशुल्क पहुंचाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इसी क्रम में विभाग ने एनपी एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत समस्त विकासखण्ड स्तर पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तय किया है। इन शिविरों में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के अस्थि रोग, दंत रोग, मनो रोग समेत विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहकर मरीजों की जांच व उनका इलाज करेंगे। जांच व उपचार पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। ये शिविर दंतेवाड़ा ब्लॉक में 19 दिसंबर को दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मन्दिर परिसर में, कटेकल्याण ब्लॉक में 19 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में, 20 दिसम्बर को कुआकोंडा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुआकोंडा में और 20 दिसंबर को ही गीदम ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में लगाए जाएंगे।

ठाकुर का स्थानांतरण दंतेवाड़ा से रायपुर कर दिया गया

स्थानांतरण के बाद भी पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता ठाकुर नहीं छोड़ रहे कुर्सी का मोह

- **अंगद की तरह सालों से जमे मलाईदार जिला को नहीं छोडऩा चाहते अधिकारी**
- **बेलगाम अफसर शासन का आदेश भी मानने से कर रहे इनकार**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एक समय था जब किसी अफसर का स्थानांतरण दुसरे जिले से दंतेवाडा, सुकमा, बीजापुर अथवा नारायणपुर हो जाता था तो अधिकारी यहां नक्सलभय वजह से आना नहीं चाहते थे और डर से स्थानांतरण केंसल करवा लेते थे मगर आज माहौल पूरी तरह से बदल गया है। दंतेवाड़ा जिले से किसी अन्यत्र जिले में किसी अधिकारी का अटैचमेंट या स्थानांतरण होने पर भी अब अधिकारी दंतेवाड़ा छोडऩा नहीं चाहते क्योंकि बस्तर संभाग का दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा जिला मलाईदार जिला है इसलिए अधिकारी ऐन केन प्रकारेण अपना ट्रांसफर केंसल करवा यहीं रहना चाहता है। ताजा मामला लोक निर्माण विभाग का देखने में आया है। शासन ने 30 नवंबर 2024 को विभाग में बड़े स्तर पर स्थानांतरण लिस्ट जारी किया था जिसमें दंतेवाड़ा लोक निर्माण विभाग में पिछले 3 वर्षो से जमे कार्यपालन अभियंता शिवलाल ठाकुर का भी स्थानांतरण किया गया है। श्री ठाकुर का स्थानांतरण दंतेवाड़ा से रायपुर कर दिया गया है। वहीं गुण्डरदेही के एसडीओ भोज कुमार गोठी को दंतेवाड़ा पीडबलूडी का कार्यपालन अभियंता के पद स्थानांतरण कर पदस्थ किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक करीब स्थानांतरण आदेश जारी होने के तीन दिन बाद ही गुण्डरदेही के एसडीओ भोज कुमार गोठी ने दंतेवाड़ा पहुंच कार्यपालन यंत्री का एक तरफा पदभार भी ले लिया वहीं दुसरी ओर वर्तमान कार्यपालन अभियंता शिवलाल ठाकुर ने नए अभियंता श्री गोठी को अपना चार्ज नहीं सौंपा और आज 17 दिसंबर है अब तक कुर्सी पर जमे हुए हैं। ईधर नए कार्यपालन अभियंता श्री गोठी कई दिनों के इंतजार करने के बाद भी जब उन्हें चार्ज नहीं सौंपा गया तो वो बेबस होकर वापस लौट गए। ये स्थिति दंतेवाड़ा के पीडबल्यूडी के कार्यपालन अभियंता शिवलाल ठाकुर की है कि वे शासन के आदेश को भी मानने से साफ इनकार कर रहे हैं और कुर्सी छोडऩा नहीं चाह रहे। अमूमन इस तरह की स्थिति कई अन्य विभागों में भी पूर्व में देखने को आया है कि अधिकारी ट्रांसफर होने के बाद भी चार्ज नहीं सौंपते और कुर्सी बचाने राजधानी तक दौड़ लगाना शुरू कर देते हैं।

डिजिटल फ्राड रोकने किया जागरूक

घूघसीडीह में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

उतई/नवप्रदेश। साई महाविद्यालय सेक्टर 6 ने राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर दुर्ग ब्लॉक के ग्राम घूघसीडीह में आयोजित किया।शिविर का उदघाटन सरपंच गोवर्धन बारले ,ग्राम पुरोहित, समस्त पंचगण व ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया ।इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही जागरूकता भरे विभिन्न कार्यक्रम भी किए।

स्वयंसेवकों ने पैदल मार्च करते हुए ग्राम घूघसीडीह का भ्रमण किया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उतई के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का , बौद्धिक चर्चा के साथ संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए गए, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डिजिटल फ्रॉड रोकने और उनसे बचने के उपाय बताए गए। बौद्धिक चर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ जैनेन्द्र दीवान, डॉ रजनीश, डॉ साहु ने स्वयं सेवकों को सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने साइबर क्राइम से बचने के उपायों और नशामुक्ति पर विस्तार से सभी स्वयंसेवकों को बताया।डॉ.वर्षा वर्मा ने स्वयंसेवकों के प्रतिदिन के क्रियाकलापों के बारे में समापन समारोह में विस्तार से बताया।शिविर में कृषि,उद्यानिकी ,जैविक खेती से संबंधित जानकारी विषय विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को दी।ग्राम पंचायत घूघसीडीह के द्वारा दिए गए टास्क को स्वयंसेवकों ने पूरा किया और हर घर जाकर विभिन्न प्रकार की शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से अवगत कराया।

न्यूज गैलरी

एमएंडएम ने दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी बनकर दुनिया को हैरान किया

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स की ओर से जारी की गई सबसे मूल्यवान कार निर्माताओं की वैश्विक रैंकिंग में एमएंडएम को शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर बोलते आनंद महिंद्रा ने शुरुआती वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग के सामने आई चुनौतियों को याद किया। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने मंगलवार को बताया कि जब भारत ने एक स्वतंत्र वाहन निर्माता के रूप में शुरुआत की थी, तो दुनिया का मानना था कि इसके सफल होने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने यह विचार उस समय व्यक्त किए जब वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बाजार पूंजीकरण के आधार पर दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी बनकर 43.12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स की ओर से जारी की गई सबसे मूल्यवान कार निर्माताओं की वैश्विक रैंकिंग में एमएंडएम को शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर बोलते आनंद महिंद्रा ने शुरुआती वर्षों में भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग के सामने आई चुनौतियों को याद किया। उन्होंने कहा, 1991 में जब भारतीय अर्थव्यवस्था खुली तो दुनिया को लगा कि एक स्वतंत्र वाहन निर्माता के रूप में हमारे अस्तित्व की संभावनाएं बहुत कम हैं।

सेंसेक्स 1064 अंक टूटा, निफ्टी 24350 से फिसला

नई दिल्ली। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ 1,064.12 अंक या 1.30 प्रतिशत टूटकर 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,136.37 अंक या 1.39 प्रतिशत गिरकर 80,612.20 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 332.25 अंक या 1.35 प्रतिशत गिरकर 24,336 पर आ गया। अमेरिकी फेड के ब्याज दर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच व्यापक बिकवाली से मंगलवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ 1,064.12 अंक या 1.30 प्रतिशत टूटकर 80,684.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,136.37 अंक या 1.39 प्रतिशत गिरकर 80,612.20 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 332.25 अंक या 1.35 प्रतिशत गिरकर 24,336 पर आ गया। 30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में सभी कंपनियाँ लाल निशान पर बंद हुईं। भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टूब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा पिछड़े। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही। सोमवार को वॉल स्ट्रीट ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुआ।

अंबानी-अदाणी को मिलाकर जितनी संपत्ति, मस्क ने उसका डेढ़ गुना इसी साल कमा लिए

नई दिल्ली। साल 2024 की बात करें तो एलन मस्क की संपत्ति में अब तक 245 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। आप यह जानकार चौंक जाएंगे कि जितनी राशि एलन मस्क ने केवल इस साल कमा ली है, वह भारत के शीर्ष दो कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की संयुक्त संपत्ति का भी लगभग डेढ़ गुना है। आइए जानते हैं एलन मस्क की संपत्ति में हुए बड़े इजाफे का कारण। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की संपत्ति में इन दिनों पंख लग गए हैं। भारत के दो सबसे अमीर लोगों यानी रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी और अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी की संपत्ति जोड़ भी दें तो वे एलन मस्क की संपत्ति के करीब भी नहीं पहुंचते। टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क की संपत्ति दिन दूना और रात चौगुना की कहावत को सच साबित करते हुए लगातार बढ़ रही है। हाल ही में मस्क की कुल नेटवर्थ रिकॉर्ड बनाते हुए 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गई थी। अब उनके नेटवर्थ का आंकड़ा जल्द ही 500 अरब डॉलर के पार भी जाता दिख रहा है।

शुरुआती कोष 300 करोड़ रुपए है. इसमें 100 करोड़ रुपए का वैकल्पिक विस्तार भी शामिल है

होलानी वेंचर कैपिटल फंड ने किया शानदार प्रदर्शन, उच्च लाभ हासिल किया

नई दिल्ली। होलानी वेंचर कैपिटल फंड एक कैटेगिरी वन अल्टरनेटिव इनवेस्टमेंट फंड (एआईएफ) है, जिसका शुरुआती कोष 300 करोड़ रुपए है. इसमें 100 करोड़ रुपए का वैकल्पिक विस्तार भी शामिल है। यह फंड सक्रिय रूप से एसएमई सेक्टर की कंपनियों में निवेश करता है।

होलानी वेंचर कैपिटल फंड ने 30 नवंबर 2024 तक 157.62 रुपए प्रति यूनिट का उल्लेखनीय नेट असेट वैल्यू (एनएवी) घोषित किया है, जो इसकी मजबूत निवेश रणनीति और मूल्य सृजन के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह महत्वपूर्ण वृद्धि न केवल फंड की सोची-समझी निवेश रणनीतियों को प्रदर्शित करती है, बल्कि निवेशकों के लिए सतत लाभ और दीर्घकालिक विकास प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। होलानी वेंचर कैपिटल फंड एक कैटेगिरी वन अल्टरनेटिव इनवेस्टमेंट फंड (एआईएफ) है, जिसका शुरुआती कोष 300 करोड़ रुपए है. इसमें 100 करोड़ रुपए का वैकल्पिक विस्तार भी शामिल है। यह फंड सक्रिय रूप से एसएमई सेक्टर की कंपनियों में निवेश करता है। पिछले 6 महीनों में, फंड ने एंकर निवेश, अनलिस्टेड कंपनियों में शुरुआती चरण के निवेश और आईपीओ में महत्वपूर्ण भागीदारी के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो को डाईवर्सीफाई किया है, जिससे यह भारतीय बाजार के उतार-चढ़ाव से मेल खाता एक संतुलित पोर्टफोलियो तैयार करने में सफल रहा। भारत में एसएमईस् के बढ़ते आईपीओ बाजार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, होलानी कैपिटल वेंचर फंड का कहना है कि ये कंपनियां अपनी वृद्धि की संभावनाओं और निवेश के अवसरों के कारण सार्वजनिक हो रही हैं। रणनीतिक संपत्ति आवंटनः

डाईवर्सिफाइड पोर्टफोलियो ने उच्च-वृद्धि अवसरों का लाभ उठाने का अवसर दिया। एचवीएसी क्षेत्र में 52 प्रतिशत निवेश आवंटन के साथ, अस्थिरता को कम करते हुए उच्च लाभ अर्जित किया है। शहरीकरण और ऊर्जा-कुशल समाधानों की बढ़ती मांग के कारण एचवीएसी क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। सटीक बाजार विश्लेषण और गतिशील निर्णय के माध्यम से, फंड ने महत्वपूर्ण बाजार उतार-चढ़ाव को कैपिटलाइज किया और उन निवेश का लाभ उठाया जिन्होंने उच्च लाभ प्रदान किया। नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, निर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में एक मजबूत पोर्टफोलियो के साथ, एचवीसीएफ नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों के लिए, यह वृद्धि केवल वित्तीय लाभ से अधिक है- यह निवेश दृष्टिकोण की लचीलता और अनुकूलता को दर्शाती है।

निवेश केंद्रित रणनीतियां

फंड ने पारदर्शी संचार और निवेशक-केंद्रित रणनीतियों को प्राथमिकता दी है, जिससे हितधारक प्रक्रिया में सूचित और संलग्न रहते हैं। यह हालिया सफलता इस बात का प्रमाण है कि निवेशक अपने दृष्टिकोण पर विश्वास करते हैं। होलानी वेंचर कैपिटल फंड के फंड मैनेजर और होलानी कैपिटल एडवाइजर्स एलएलपी के संस्थापक अशोक होलानी ने कहा, 5सिर्फ छह महीने में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हमारी रणनीति की ताकत, हमारे पोर्टफोलियो का लचीलापन और भारत की अर्थव्यवस्था में मौजूद विकास अवसरों को दर्शाता है। हम अपने निवेशकों के लिए निरंतर मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम इस रोमांचक यात्रा को साथ मिलकर जारी रखने का आश्वासन देते हैं।

अब तक का सर्वाधिक 14.8 अरब डॉलर का सोना आयात किया

सोना आयात में रिकॉर्ड तेजी, व्यापार घाटा 37.84 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने वनस्पति तेल, खाद और चांदी की अधिक खरीदारी से आयात सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में अब तक का सर्वाधिक 14.8 अरब डॉलर का सोना आयात किया गया, जो सालाना आधार पर 331 फीसदी अधिक है।

देश से वस्तुओं का निर्यात अक्तूबर में दहाई अंकों में बढ़ने के बाद नवंबर, 2024 में सालाना आधार पर 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रह गया। सोने के आयात में रिकॉर्ड तेजी से व्यापार घाटा एक साल पहले की तुलना में 77.56 फीसदी बढ़कर 37.84 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने वनस्पति तेल, खाद और चांदी की अधिक खरीदारी से आयात सालाना

आधार पर 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में अब तक का सर्वाधिक 14.8 अरब डॉलर का सोना आयात किया गया, जो सालाना आधार पर 331 फीसदी अधिक है। नवंबर, 2023 में 3.5 अरब डॉलर का सोना खरीदा गया था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, पेट्रोलियम कीमतों में उतार-चढ़ाव से निर्यात पर असर देखा जा रहा है। पिछले महीने पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करीब 50 फीसदी गिरकर 3.71 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, गैर-तेल निर्यात में अब भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने देश से सेवाओं का निर्यात बढ़कर 35.67 अरब डॉलर पहुंच गया। नवंबर, 2023 में यह 28.11 अरब डॉलर था। अक्तूबर, 2024 में सेवाओं का निर्यात 34.31 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान देश का निर्यात 2.17 फीसदी बढ़कर 284.31 अरब डॉलर पहुंच गया। आयात 8.35 फीसदी की वृद्धि के साथ 486.73 अरब डॉलर रहा। इस अवधि में व्यापार घाटा बढ़कर 202.42 अरब डॉलर पहुंच गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 170.98 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 19 फीसदी घटकर 44.6 अरब डॉलर रह गया।

सेबी ने निष्क्रिय म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव रखा

मुंबई। बाजार नियामक ने निवेशकों के लिए अपने निष्क्रिय पड़े म्यूचुअल फंड फोलियों का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव दिया है। सेबी द्वारा जारी 17 दिसंबर को जारी परामर्श पत्र में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेश ट्रेसिंग एवं रिट्राइवल असिस्टेंट (मित्रा) की स्थापना का प्रस्ताव रखा। बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए अपने निष्क्रिय पड़े म्यूचुअल फंड फोलियों का पता लगाने के लिए एक प्लेटफॉर्म का प्रस्ताव दिया है। सेबी की ओर से 17 दिसंबर को जारी परामर्श पत्र में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेश ट्रेसिंग एवं रिट्राइवल असिस्टेंट (मित्रा) की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। परामर्श पत्र में कहा गया है, कई वर्षों में, म्यूचुअल फंड निवेशक अपने निवेश पर नजर नहीं रख पाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि उन्होंने न्यूनतम, क्योंकि हो सकता है कि उन्होंने कम केवाईसी विवरण के साथ भौतिक रूप में निवेश किया हो। ओपन-एंडेड ग्रोथ ऑप्शन म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश तब तक निवेशित रह सकता है जब तक कि निवेशक/उसका नामित

व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी संबंधित एएमसी (एसेट मैनेजमेंट कंपनी) से रिडेम्पशन/ट्रांसफर/ट्रांसमिशन के लिए संपर्क न करे। पैन, ईमेल आईडी या वैध पते की अनुपलब्धता के कारण यह भी संभव है कि ये फोलियो यूनिटधारक के समेकित खाता विवरण में दिखाई न दें। इस प्रकार, म्यूचुअल फंड फोलियो में निष्क्रियता निवेशक द्वारा अपने निवेश का ट्रैक खो देने, मृत्यु आदि के कारण हो सकती है। ऐसे निष्क्रिय फोलियो धोखाधड़ी से रिडेम्पशन के लिए अतिसंवेदनशील हो सकते हैं। इसलिए, नियामक ने एक ऐसा प्लेटफॉर्म प्रस्तावित किया है जिसे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों द्वारा विकसित किया जाएगा और जो निवेशकों को उद्योग स्तर पर बिना दावे वाले फोलियो की खोज करने में मदद करेगा। नियामक ने धोखाधड़ी से मुक्ति को रोकने के लिए एमआईटीआरए का भी प्रस्ताव रखा है।

क्या क्रिप्टोकरेंसी से आमदनी को पूंजीगत लाभ मानकर टैक्स की गणना होनी चाहिए?

नई दिल्ली। जोधपुर स्थित आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने मंगलवार को अपने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर टैक्स की गणना कैसे की जानी चाहिए। आईटीएटी के फैसले के अनुसार बिटकॉइन और एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी पूंजीगत संपत्ति हैं, जिसका अर्थ है कि उनकी बिक्री से होने वाले मुनाफे को अन्य स्रोतों से आय के बजाय पूंजीगत लाभ माना जाएगा। जोधपुर स्थित आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने मंगलवार को अपने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर टैक्स की गणना कैसे की जानी चाहिए। आईटीएटी के फैसले के अनुसार बिटकॉइन और एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी पूंजीगत संपत्ति हैं, जिसका अर्थ है कि उनकी बिक्री से होने वाले मुनाफे को अन्य स्रोतों से आय के बजाय पूंजीगत लाभ माना जाएगा। यह निर्णय 1 अप्रैल, 2022 से पहले किए गए लेन-देन पर लागू होता है, जब सरकार ने विशिष्ट क्रिप्टोकरेंसी कर नियम पेश किए थे। 2022 से पहले के लेन-देन- 2022 में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (ङ्क्षष्ठ) का नियम लागू होने से पहले, क्रिप्टोकरेंसी की बिक्री से होने वाले मुनाफे को पूंजीगत लाभ के रूप में वर्गीकृत किया जाता था, इस पर टैक्स की गणना ठीक वैसे ही की जाती थी जैसे स्टॉक या रियल एस्टेट से होने वाले मुनाफे पर किया जाता है। तीन साल से अधिक समय तक क्रिप्टोकरेंसी रखने वाले निवेशक अपने लाभ को दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ के रूप में वर्गीकृत कर सकते हैं।

दूसरी तिमाही में 5.4 फीसदी की वृद्धि दर उम्मीद से कम

वित्त मंत्री लोकसभा में बोलीं- सुधार जल्द

नई दिल्ली। वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश की वृद्धि दर 5.4त्न रही। यह आंकड़ा उम्मीद से कम है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में इसमें सुधार होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही। वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश की वृद्धि दर 5.4त्न रही। यह आंकड़ा उम्मीद से कम है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में इसमें सुधार होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में यह बात कही।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से कम 5.4 प्रतिशत की जीडीपी

वृद्धि दर एक ''अस्थायी झटका'' है और आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी। लोकसभा में अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच पर बहस का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने ÷स्थिर और सतत÷ विकास देखा है और पिछले तीन वर्षों में इसकी सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत रही है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही की वृद्धि दर केवल एक ÷अस्थायी झटका÷ है और आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में कोई व्यापक मंदी नहीं है। समग्र विनिर्माण क्षेत्र के आधे क्षेत्र मजबूत बने हुए हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 6.7 प्रतिशत तथा जुलाई-सितंबर अवधि में 5.4 प्रतिशत बढ़ी। मुद्रास्फीति के बारे में सीतारमण ने कहा कि एनडीए शासन में इस पर बेहतर नियंत्रण है, जबकि यूपीए के शासन में यह दोहरे अंक को छू गई थी। सीतारमण ने कहा कि बेरोजगारी दर 2017-18 में 6 प्रतिशत से घटकर अब 3.2 प्रतिशत हो गई है।वित्त मंत्री ने कहा, ÷पिछले तीन वर्षों में भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसतन 8.3 प्रतिशत रही है, इसमें स्थिर व सतत वृद्धि हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही में वृद्धि में गिरावट केवल अस्थायी झटका है।

खेल, मनोरंजन

भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट इंडिया ने फॉलोऑन बचाया

पहली पारी में स्कोर 252/9; बुमराह-आकाश की जोड़ी नाबाद लौटी

ब्रिस्बेन। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने नाबाद 39 रनों की साझेदारी करके इंडिया को फॉलोऑन से बचाया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में खुद को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। द गाबा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में भारतीय टीम 193 रन से पीछे है।

मंगलवार को मुकाबले के चौथे दिन स्टंप्स तक इंडिया ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। आकाश दीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन पर नाबाद लौटे। एक समय टीम ने 213 रन पर 9वां विकेट गंवा दिया था। रवींद्र

जडेजा 77 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी। ऐसे में आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने संयम से बल्लेबाजी की।भारतीय टीम ने 51/4 के स्कोर से दिन की शुरुआत की। केएल राहुल ने 33 रन से पारी को आगे बढ़ाया और 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 4 विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। एक-एक विकेट नाथन लॉयन और जोश हेजलवुड को मिले। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए। टीम इंडिया ने शनिवार को टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी। भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया- पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।

न्यूजीलैंड ने 423 रन से जीता हैमिल्टन टेस्ट

स्पोर्ट्स डेस्क। न्यूजीलैंड ने हैमिल्टन टेस्ट में इंग्लैंड को 423 रन से हरा दिया है। यह कीवियों की इंग्लैंड पर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। तीसरे टेस्ट में 658 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 234 रन ही बना सकी। हालांकि, इंग्लैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली। टीम ने पहला मैच 8 विकेट और दूसरा मैच 323 रन से जीता था। सेडॉन पार्क में मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैंड ने 18/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। जैकब बिथेल ने 76 और जो रूट ने 54 रनों की पारियां खेलीं, जबकि गस एटकिंसन ने 43 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 76 रन बनाए और 3 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 49 रन बनाए और 4 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। इंग्लैंड के ऑलराउंडर हैरी ब्रुक को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

शनिवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 347 और इंग्लैंड ने 143 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 453 रन बनाए और इंग्लैंड 658 रन का टारगेट दिया। न्यूजीलैंड की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत न्यूजीलैंड ने 423 रन से इंग्लैंड को हराया। रन के अंतर से यह टीम की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2018 में क्राइस्टचर्च में श्रीलंका को भी 423 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ यह टीम की सबसे बड़ी जीत है। टिम साउदी का आखिरी टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी का यह आखिरी टेस्ट मैच रहा। उन्होंने सीरीज शुरू होने से पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। 35 साल के साउदी ने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा था- यदि हमारी टीम ङ्खञ्जष्ट फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा।

न्यूज गैलरी

साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में मिले 16 आवेदन

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज विभिन्न मांगों-समस्याओं से संबंधित 16 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने जनदर्शन में आए लोगों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को मार्क करते हुए जिला अधिकारियों को जांच एवं परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने कहा। उन्होंने जिला अधिकारियों को अधीनस्थ अमले से प्रकरणों के निराकरण का फॉलोअप भी लेते रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आवेदकों से भी कहा कि वे अपने आवेदन की स्थिति का पता कलेक्टर जनदर्शन की साइट https://jandarshan.cg.nic.in/ पर कर सकते हैं।

तरगवां में जनसमस्या निवारण शिविर 27 को

कोरिया/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने बैकुण्ठपुर तहसील के तरगवां (हायर सेकेण्डरी स्कूल) में 27 दिसम्बर 2024 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला अधिकारियों से कहा है कि उक्त शिविर में पहुंचकर महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में आम लोगों को अवगत कराएं। श्रीमती त्रिपाठी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि इस शिविर में बड़ी संख्या में आए और अपनी समस्याओं को दर्ज कराएं। बता दें जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और जनहित के मुद्दों पर तत्परता से कार्यवाही करना है। इन शिविरों में जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास सरेआम शराब पीते आरोपी लोकनाथ साहू 30 वर्ष व किशोर कोसरिया 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी ईश्वर साहू 24 वर्ष व अमन यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी अजय जगत 30 वर्ष व शुभम सिगनापुरे 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने मेटल पार्क के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस को सूचना मिली कि मेटल पार्क के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मूलचंद निषाद 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सभी संभागों में खुलेगा 'सिम्स', दस लाख तक फ्री होगा इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सभी संभागों में एम्स की तर्ज पर सिम्स खोला जाएगा, जिसकी शुरूआत बिलासपुर से हो चुकी है। साय सरकार के पहले डिजिटल बजट में इसका निर्णय लिया गया था। राजधानी के डीकेएस सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल में जल्द ही आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू होने वाली है।

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को पांच लाख रुपये तक का फ्री इलाज मिल रहा है। इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक किए जाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।

स्वास्थ्य बजट में 38.5 फीसदी की बढ़ोतरी

पिछले एक साल में स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। बीते नौ माह में करीब 1200 लोगों को 43 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान आंबेडकर अस्पताल से मरीजों का दबाव कम करने के लिए परिसर में 231 करोड़ की लागत

से 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है। राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने स्वास्थ्य बजट 5461 करोड़ को बढ़ाकर 7,563 करोड़ रुपये किया है। स्वास्थ्य बजट में 38.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

पिछले एक साल में मिली प्रमुख उपलब्धियां

- सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी सोसायटियों के बढ़ाए अधिकार। डीन और अस्पताल अधीक्षक को आवश्यकता अनुसार दो करोड़ रूपये तक के दिए गए वित्तीय अधिकार।
- बस्तर में मलेरिया के प्रकरणों में आई 50 प्रतिशत की कमी। पॉजीटिव दर 4.6 से घटकर हुई 0.34 फीसद।
- केंद्र सरकार की ओर से राज्य के 266 सरकारी अस्पतालों को मिला क्वालिटी सर्टिफिकेशन।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम अंतर्गत 26 जिलों में चल रहीं 32 डायलिसिस यूनिट।
- एक साल में एक करोड़ 32 लाख लोगों की सिकलसेल एनीमिया की हुई स्क्रीनिंग।
- सरकारी अस्पतालों में प्रसव 70.2 प्रतिशत से बढ़कर हुआ 85.7 प्रतिशत।
- 90 प्रतिशत गर्भवती माताओं को मिल रहा जननी सुरक्षा योजना का लाभ
- राज्य की 11,664 में से 2198 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित।
- हृदय रोग से पीड़ित 443 बच्चों का किया गया फ्री इलाज।

वन विभाग का कामकाज ठप, मजदूरों को नहीं मिल रहा समय पर भुगतान

ई-कुबेर प्रणाली में तकनीकी सुविधा बनी दुविधा!

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वन विभाग में 1 अप्रैल 2024 से लागू की गई ई-कुबेर भुगतान प्रणाली तकनीकी खामियों के चलते मजदूरी भुगतान संबंधित विभागीय कामकाज को प्रभावित कर रही है। नई प्रणाली के तहत भुगतान अब ट्रेजरी की बजाय ई-कुबेर पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। यह सुविधा अब दुविधा बन गया है। आए दिन सर्वर की समस्याओं के कारण मजदूरों के खातों में महीनों तक मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे अब मजदूर भी वन विभाग के कार्यों से दूरी बना रहे जिससे विभाग भी चिंतित हैं।

बजट खर्च पर संकट

वर्तमान वित्तीय वर्ष के केवल तीन महीने शेष रहते हुए विभाग ने अब तक अपने वार्षिक बजट का 40 प्रतिशत भी खर्च नहीं किया है। यदि यह समस्या शीघ्र सुलझाई नहीं गई, तो कई योजनाओं के लिए आवंटित बजट लैप्स होने का खतरा है।

समस्या समाधान की मांग

मजदूर संघों और विभागीय अधिकारियों ने राज्य सरकार से ई-कुबेर प्रणाली

क्या है ई-कुबेर

ई-कुबेर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) का कोर बैंकिंग समाधान है, जो सरकारी लेन-देन, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कार्य करता है। यह सरकार और आरबीआई के बीच खातों का प्रबंधन, भुगतान और रियल-टाइम फंड ट्रांसफर सुनिश्चित करता है।

मजदूरों में असंतोष, कार्य बाधित

भुगतान में देरी के कारण जहा मजदूरों में भारी असंतोष है।वही भुगतान न मिलने से मजदूर अब वन विभाग के काम पर लौटने से परहेज कर रहे हैं, जिससे विभागीय कार्यों की गति ठप हो गई है। विभाग के कई प्रोजेक्ट और योजनाएं लंबित पड़ी हुई हैं। श्रमिकों का भी कहना है कि ई कुबेर की वजह से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसे बन्द करना चाहिए और ट्रेजरी भुगतान को शुरू करना चाहिए। सरगुजा संभाग के वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ई कुबेर की वजह से मजदूरों को भुगतान करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की मंशा क्या है यह कहना ठीक नहीं है लेकिन वन विभाग के सभी जिलों में ई-कुबेर दुविधा बनकर रह गई है। वन विभाग के अधिकारियों का यह भी कहना है कि ई-कुबेर प्रणाली की तकनीकी समस्याओं को हल करने के प्रयास जारी हैं। हालांकि, अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि भुगतान प्रक्रिया में आई रुकावट के कारण मजदूरों का सहयोग प्राप्त करना मुश्किल हो रहा है।

मजदूरों में असंतोष, कार्य बाधित
भुगतान में देरी के कारण जहा मजदूरों में भारी असंतोष है।वही भुगतान न मिलने से मजदूर अब वन विभाग के काम पर लौटने से परहेज कर रहे हैं, जिससे विभागीय कार्यों की गति ठप हो गई है। विभाग के कई प्रोजेक्ट और योजनाएं लंबित पड़ी हुई हैं। श्रमिकों का भी कहना है कि ई कुबेर की वजह से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसे बन्द करना चाहिए और ट्रेजरी भुगतान को शुरू करना चाहिए।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर नगरीय निकाय कर्मचारी

6 सूत्रीय मांगों को लेकर खोला है मोर्चा, विधानसभा का करेंगे घेराव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरीय निकाय कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। 11 दिसंबर से प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं। 3 माह के वेतन भुगतान, एरियर्स भुगतान समेत कुल 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोला है। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले 12 नवंबर से 14 नवंबर तक कर्मचारियों ने बिलासपुर में हड़ताल किया था। लेकिन शासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि, 6 सूत्रीय मांगों पर शासन कोई सार्थक पहल नहीं कर रहा है। अब तक सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। नगरीय निकाय के कर्मचारी आगामी चुनाव में परिवार सहित मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। कर्मचारियों ने इससे संबंधित प्रपत्र भरवाकर जिला कलेक्टर बिलासपुर और विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन को पत्र भेजा है।

ये हैं कर्मचारियों की मांगे

1.लंबित वेतन भुगतान सहित 1 तारीख को ट्रेजरी के जरिए वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। 2. नगरीय निकायों के प्लेसमेंट ठेका पद्धति को खत्म किया जाए। 3. ओल्ड पेंशन योजना जल्द लागू किया जाए। 4. मृत कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। 5. 12 वर्ष की सेवा पूरा करने वाले कर्मचारियों को जल्द ही पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999